दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 03 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 544

## संक्षिप्त खबरें ।

### केरल कांग्रेस में थमा विवाद! राहुल गांधी ने दिया संदेश– 'वो एक होकर खड़े हैं'

लोक तंत्र कीआवाज



**तिरुअनंतपुरम ।** अगले साल होने वाले केरल विधानसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी में एकजुटता बनाए रखने का संदेश दिया है. उन्होंने कांग्रेस के सीनियर नेताओं के साथ एक बैठक कर ये स्पष्ट किया कि पार्टी को आंतरिक कलह से बचना होगा. इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर और बाकी प्रमुख नेता शामिल हुए। तिरुवनंतपुरम के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने हाल ही में केरल में स्टार्टअप क्षेत्र की उन्नति की सराहना की थी जिससे पार्टी में विवाद खड़ा हो गया. कुछ नेताओं ने इसे एलडीएफ सरकार की तारीफ के रूप में देखा जबकि थरूर ने स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल राज्य की प्रगति पर प्रकाश डाला था किसी राजनीतिक दल की नहीं. इस बयान के बाद एलडीएफ ने इसे कांग्रेस के विरोधाभासी रवैये को उजागर करने वाला बताया।

**थरूर के बयान पर कांग्रेस की कड़ी आपत्तिः** राज्य कांग्रेस इकाई ने थरूर के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि इससे पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है. कांग्रेस के मुखपत्र वीक्षणम डेली ने एक संपादकीय प्रकाशित कर कहा कि एलडीएफ सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कांग्रेस को मजबूत बनाए रखना जरूरी है और अंदरूनी मतभेद पार्टी को कमजोर कर सकते हैं।

**राहुल गांधी ने नेताओं को दिए निर्देशः** दिल्ली में हुई बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी नेताओं को अपनी रणनीति के प्रति एक्टिव रहना होगा और कोई भी ऐसा बयान नहीं देना चाहिए जो पार्टी की विचारधारा से मेल न खाता हो. इस दौरान केरल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सुधाकरण ने भी कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सुधार जरूरी हैं और वे सभी मुद्दों का समाधान निकालने के लिए तैयार हैं।

### अमेरिका के सामने कितना दम रखता है ब्रिटेन, क्या डोनाल्ड ट्रंप से सीधी टक्कर ले रहे हैं स्टार्मर?

लोक तंत्र की आवाज



**ब्रिटेन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को बहस के बाद वाइट हाउस से बाहर निकाल दिया. इसके बाद वह सीधे ब्रिटेन पहुंचे. दरअसल वह, अमेरिका के साथ मिनरल्स पर एक समझौता करने गए थे. इस समझौते के बदले में वह अमेरिका से सुरक्षा की गारंटी चाहते थे. लेकिन डील के बदले हो गई बहस. वह अमेरिका का दौरा बीच में छोड़कर सीधे ब्रिटेन पहुंच गए. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने उनका खुलकर स्वागत किया। इससे पहले जब बहस की बात सुर्खियों में आई तो ब्रिटेन पीएम ने सीधे जेलेंस्की का समर्थन किया. जब जेलेंस्की ब्रिटेन पहुंचे तो उन्होंने स्टार्मर को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने इस मुलाकात को सार्थक और गर्मजोशी भरा बताया. लेकिन अब सवाल है क्या स्टार्मर, ट्रंप से सीधी टक्कर ले रहे हैं. हालांकि उन्होंने जेलेंस्की–ट्रंप मुलाकात से कुछ दिन पहले ही ट्रंप से मुलाकात की थी. इस दौरान ट्रंप ने एक सवाल पूछ दिया था जिससे वह असहज हो गए। ट्रंप ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर को चैलेंज करते हुए पूछ लिया कि क्या वे अकेले रूस का मुकाबला कर पाएंगे? पत्रकारों के सामने ट्रंप का यह सवाल सुनकर स्टार्मर चौंक गए. हालांकि कुछ सेकेंड बाद ही उन्हें कुछ और ही एहसास हुआ और उन्होंने ट्रंप के सवाल को हंसते हुए टाल दिया। लेकिन ट्रंप से बहस के बाद जेलेंस्की से मुलाकात कर वह सीधे ट्रंप को चुनौती दे रहे हैं. क्या ब्रिटेन में उतना दम भी है कि वह अमेरिका को चुनौती दे सके।

**स्टार्मर–जेलेंस्की में क्या हुई डील? :** यूक्रेन और यूके ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर किए. जेलेंस्की ने पर अपने पोस्ट में कहा, 'आज हमारी उपस्थिति में, यूक्रेन और यूनाइटेड किंगडम ने एक कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर किए. यह पैसा यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएगा. इस पैसे को यूक्रेन में हथियार उत्पादन के लिए खर्च किया जाएगा. मैं यूनाइटेड किंगडम के लोगों और सरकार को इस युद्ध की शुरुआत से ही उनके जबरदस्त समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं.

## हिमाचल में भूस्खलन, उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश, हिमस्खलन में 5 अब भी लापता

**मौसम की मार**





लोक तंत्र कीआवाज़

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और हिमपात के कारण शनिवार को भूस्खलन हुआ। सड़कें जाम हो गईं, जिससे राज्य में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया, जबकि उत्तर भारत के कई अन्य हिस्सों में बारिश हुई। उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमस्खलन में फंसे 50 श्रमिकों को बचा लिया गया, लेकिन उनमें से 4 की शनिवार को मौत हो गई। बचाव दल शेष 5 श्रमिकों को बचाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहा है।

**भूस्खलन के बाद बंद हो गया ता हाईवेः** रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 270 किलोमीटर लंबे जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग गुरुवार शाम को रामबन जिले में भारी हिमपात और भूस्खलन की कई घटनाओं के कारण बंद हो गया था, लेकिन मौसम में सुधार होने और सड़क से मलबा हटाने के बाद इसे छोटे वाहनों के लिए फिर से खोल दिया गया।

**4 श्रमिकों की हुई मौतः** दिल्ली, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई। उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव में सीमा सड़क संगठन (इफ्ड) के शिविर में हिमस्खलन के कारण बर्फ के नीचे 55 श्रमिकों के दबने की घटना के एक दिन बाद शनिवार तक 50 श्रमिकों को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन उनमें से 4 की शनिवार को मौत हो गई। बचाव दल शेष पांच श्रमिकों की तलाश में जुटा है।

**बीआरओ शिविर के पास हुआ हिमस्खलनः** सेना के अनुसार, शुक्रवार सुबह 5:30 से छह बजे के बीच माणा और बद्रीनाथ के बीच बीआरओ शिविर के पास हिमस्खलन हुआ, जिससे आठ कंटेनर और एक शेड के अंदर 55 श्रमिक दब गए। शुक्रवार रात तक 33 लोगों को बचा लिया गया। शुक्रवार को बारिश और हिमपात के कारण बचाव कार्य में बाधा उत्पन्न हुई और रात होने के कारण अभियान स्थगित कर दिया गया था।

**3,200 मीटर की उंचाई पर स्थित है माणा गांवः** जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एन के जोशी ने बताया कि मौसम ठीक होने पर माणा में तैनात सेना और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने सुबह बचाव अभियान फिर से शुरू किया। सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बचाव अभियान में छह हेलीकॉप्टर लगे हुए हैं। इनमें तीन थलसेना के, दो वायुसेना के और सेना द्वारा किराए पर लिया गया एक असैन्य हेलीकॉप्टर शामिल है। बद्रीनाथ से तीन किलोमीटर दूर स्थित माणा, भारत–तिब्बत सीमा पर 3,200 मीटर की उंचाई पर स्थित अंतिम गांव है।

**12 मकानों को पहुंचा नुकसानः** पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और हिमपात से राज्य के कई हिस्सों में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, सड़कें जाम हो गईं। कुल्लू में पानी के तेज बहाव के कारण मलबे का ढेर जमा हो गया। कांगड़ा जिले के रोकारू (मुल्थान) में लगातार बारिश और बादल फटने से हुए भूस्खलन के कारण कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और 12 मकानों को नुकसान पहुंचा। कुल्लू में कुल 112 सड़कें बंद हैं और 1646 'ट्रांसफार्मर' को चालू करने का काम जारी है। कुल्लू के जिलाधिकारी तारुल रवेश ने बताया कि कुल 125 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हुई हैं।

**हिमाचल में कई पर्यटक फंसे**

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज ने बताया कि प्रभावित पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है और पुनर्निर्माण कार्य जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पालमपुर में शिव जलविद्युत परियोजना के निकट एक व्यक्ति लापता हो गया और उसकी तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया है।

## रोहतक जिले में सूटकेस में कांग्रेस नेता हिमानी का शव, मां ने लगाया आरोप- 'पार्टी और चुनाव ने ली बेटी की जान'

लोक तंत्र की आवाज़



**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक जिले के सांपला कस्बे में कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता का शव एक सूटकेस में बरामद हुआ। शव की पहचान कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता हिमानी नरवाल के रूप में हुई, जो कांग्रेस की सक्रिय सदस्य थीं। वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल हुई थीं। इसके अलावा पहले वह पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र सिंह हुड्डा के चुनाव प्रचार में भी सक्रिय रही हैं। अब हिमानी नरवाल की मां ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव और पार्टी ने उनकी बेटी की जान ले ली। उनका कहना है कि पार्टी की ओर से अभी तक किसी ने जानकारी नहीं ली है।

**पार्टी की वजह से बने दुश्मन :** मृतक महिला कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की मां सविता ने बताया, ₹चुनाव और पार्टी ने मेरी बेटी की जान ले ली। इस वजह से उसने कुछ दुश्मन बना लिए। ये (अपराधी) पार्टी से भी हो सकते हैं, उसके दोस्त भी हो सकते हैं। 28 फरवरी को वह घर पर थी। हमें पुलिस स्टेशन से (घटना के बारे में) फोन आया, जिसके बाद हमें इसकी जानकारी मिली। मेरी बेटी आशा हुड्डा (भूपिंदर सिंह हुड्डा की पत्नी) के बहुत करीब थी, जब तक उसे न्याय नहीं मिल जाता, मैं उसका अंतिम संस्कार नहीं करूंगी।

**कांग्रेस से 10 साल से जुड़ी थीं हिमानीः** उन्होंने आगे कहा, ₹मेरे बड़े बेटे की 2011 में हत्या कर दी गई और हमें कभी न्याय नहीं मिला। हम डर में रहते थे। मैं अपने दूसरे बेटे को यहां से लेकर इरा कैंप चली गई। चुनाव के बाद, हिमानी पार्टी से थोड़ा निराश हो गई थी। उसने कहा कि उसे नौकरी चाहिए और वह पार्टी के लिए ज्यादा काम नहीं करना चाहती। वह पिछले 10 सालों से कांग्रेस से जुड़ी हुई थी। वह शादी करने के लिए भी राजी हो गई थी। मैंने खुद सुबह आशा हुड्डा को फोन किया था, लेकिन मेरा फोन रिसीव नहीं हुआ।₹ मृतका के भाई जतिन ने बताया, ₹उन्होंने राहुल गांधी के साथ पदयात्रा भी की थी।

**दीपेंद्र हुड्डा ने एसआईटी के गठन की उठाई मांगः** वहीं कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, ₹इस घटना ने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। एक बार फिर हरियाणा से कानून व्यवस्था की विफलता का उदाहरण सामने आया है। हम मांग करते हैं कि तुरंत एसआईटी का गठन किया जाए और उच्च स्तरीय जांच हो। दोषियों को पकड़ा जाए और मृतक के परिवार को न्याय मिले। हम न्याय के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेंगे। जब तक मृतक के परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, हम अपनी आवाज उठाते रहेंगे। कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाना चाहिए।

**कांग्रेस के वरिष्ठ भूपेंद्र हुड्डा ने की जांच की मांग**

वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस मामले पर कहा, "उसका शव अभी शवगृह में है। कांग्रेस कार्यकर्ता वहां गए हैं, स्थानीय विधायक के सहयोगी वहां गए हैं। स्थानीय विधायक भारत भूषण बत्रा उनसे मिलने जाएंगे, वे संपर्क में हैं। हमने जांच की मांग की है और कहा है कि दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। चाहे वह पार्टी का कोई व्यक्ति था या बाहर का, यह जांच से ही पता चलेगा।

## बी नहीं, ए टीम बनकर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस', नीतीश के बेटे के राजद ज्वाइन करने वाले दावे पर बोले बिहार प्रभारी?



लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने अभी से ही अपनी–अपनी तैयारी तेज कर दी है। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि इस बार राज्य में कांग्रेस बी नहीं, ए टीम बनकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके मंत्रिमंडल में क्रिमिनल हिस्ट्रीशीटर को शामिल किया गया है।

बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में हम जनता की ए टीम बनाकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार एकदम खत्म हो चुकी है। नीतीश कुमार की सरकार ने 20 सालों में राज्य में कोई काम नहीं किया। अगर वे वोट मांगने जा रहे हैं तो जनता को पूछना चाहिए कि आपने 20 सालों में क्या काम किया है? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार में कुछ नहीं किया है।

**नीतीश के बेटे पर क्या बोले कृष्णा अल्लावरु?:** उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत की राजनीति में एंट्री के सवाल पर कहा कि यह निशांत और नीतीश कुमार जाने, उनसे आप पूछिए। राजद नेता तेज प्रताप के निशांत को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ज्वाइन कराने के दावे और क्या कांग्रेस भी साथ रहेगी? के सवाल पर कांग्रेस प्रभारी ने कोई समुचित उत्तर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह तेज प्रताप से पूछिए, मेरा मामला नहीं है।

**कांग्रेस ने नीतीश सरकार पर साधा निशानाः** कृष्णा अल्लावरु ने एनडीए गठबंधन में खटपट और सीएम चेहरे पर कहा कि यह बीजेपी और जेडीयू का मामला है उसने पूछिए, इसमें मेरी कोई टिप्पणी नहीं है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के विस्तार में क्रिमिनल और हिस्ट्रीशीटर को लिया गया है। ऐसे लोगों को आप मंत्रिमंडल में ले रहे हैं तो सरकार किसके लिए चला रहे हैं।

## प्रधानमंत्री, आपको सत्तू घोलना नहीं आता है तो लालू सिखा देंगे

लोक तंत्र कीआवाज़

**पटना।** बिहार में इस के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों में हलचल तेज हो गई। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और राज्य सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहे जितने बाहर बिहार आए, कोई दिक्कत नहीं है। 365 दिन मखाना खाए, कोई दिक्कत नहीं है। रोज सत्तू घोल कर पीजिए, कोई दिक्कत नहीं है। अगर प्रधानमंत्री, आपको सत्तू घोलना नहीं आता है तो लालू यादव सिखा देंगे।

आरजेडी नेता तेजस्वी यादन ने कहा कि बिहार के हर एक जिले में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। 6000 से अधिक किलोमीटर तक यात्रा की, ८००० से ज्यादा पंचायत प्रतिनिधियों से मिले। हमें इस यात्रा से काफी अनुभव मिला। महिला संवाद का भी कार्यक्रम हुआ। जब बिहार घूम रहे थे तब हम लोगों ने माई बहन मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया। सामाजिक सुरक्षा, वृद्धा पेंशन 400 से बढ़कर 1500 करने का वादा किया। 200 यूनिट फ्री बिजली भी मिलेगी।

**तेजस्वी यादव ने राज्यपाल पर कटाक्ष किए :** उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार का राज्यपाल का भाव आसान रहा, किसी को समझ में नहीं आया कि यह कौन सी सरकार का भाषण पर दे रहे थे। सब लोग कंफ्यूज थे। हम लोगों ने पिछले 5 राज्यपाल को देखा, सभी ने एक ही भाषण अब तक पढ़ा है। भारत सरकार का भी बजट आया, उसमें भी बिहार को चलने का काम किया गया।



● तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार पर दिया बड़ा बयान

**पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 रुपये किया जाए : पूर्व डिप्टी सीएमः** तेजस्वी यादव ने कल बिहार के बजट को लेकर मांग की है कि वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन 400 से बढ़कर 1500 रुपये किया जाए। बिहार में महंगाई सबसे ज्यादा है। अगर लोग घर में बीमार पड़ जाए तो इलाज कराना काफी मुश्किल है। देश में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे हुआ, जिसमें सबसे ज्यादा 65 फीसदी महिलाएं की बिहार हैं, जिनमें सबसे ज्यादा खून की कमी है।

**महिलाओं को मिले 2500 रुपये : तेजस्वीः** नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि हमारे बिहार के बच्चे देश भर में सबसे ज्यादा बौनापन के शिकार हैं। दूसरी सबसे बड़ी मांग है कि भले मेरी योजना को कॉपी कर लीजिए, लेकिन आप तमाम महिलाओं को 2500 रुपये देने का काम करे। तेजस्वी यादव ने सीएम पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि नीतीश कुमार, कल यह आपका आखरी बजट है। कल आप महिलाओं के लिए कुछ अच्छा एलान कीजिए।

**'नीतीश की प्रगति यात्रा में कर्फ्यू जैसा माहौलः** उन्होंने आगे कहा कि बिहार में जब हमने जातीय गणना कराई थी, तब 94 हजार परिवार की आय 6000 रुपये से कम थी। उस समय हमने योजना बनाई थी कि उन तमाम परिवारों को 2 लाख दिए जाएंगे, लेकिन जब से हम लोग की सरकार गई या काम नहीं हो पाया है। सीएम नीतीश प्रगति यात्रा पर गए, लेकिन यात्रा पर जाने को कोई फायदा नहीं हुआ। लग रहा था कि वे पटना हाउस में ही बैठे हुए हैं। उनकी यात्रा में कर्फ्यू जैसा माहौल था। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में 65 प्रतिशत आरक्षण का मामला चल रहा है। अगर सरकार चाहे तो आरक्षण को लेकर एक अलग से प्रस्ताव ला सकती है।

## नीतीश कुमार, ममता बनर्जी के बाद अखिलेश यादव के कंधे पर आएगी अहम जिम्मेदारी, भाजपा विरोध की धुरी बनेंगे सपा नेता!

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले अस्तित्व में आए इंडिया गठबंधन की नैया बीते कुछ महीनों से मझधार में फंसी हुई है. बीते माह दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की बुरी हार हुई. उससे पहले हरियाणा और महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को बुरी हार झेलनी पड़ी. इन हारों के बाद देश भर से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के भीतर से आवाज उठने लगी. अधिकतर सहयोगी दलों ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि यह गठबंधन अब अपना महत्व खो रहा है. ऐसा कांग्रेस पार्टी की वजह से हो रहा है।

दिल्ली में गठबंधन के दो सहयोगी दलों कांग्रेस और आप के अलग–अलग चुनाव लड़ने के कारण राज्य में भाजपा को शानदार जीत मिली है. इसी तरह हरियाणा में भी कांग्रेस और आप ने अलग–अलग चुनाव लड़ा था और वहां भी अनुमान के विपरीत भाजपा को शानदार जीत मिली थी।



इन दोनों राज्यों में कांग्रेस और आप के बीच तकरार का असर इंडिया गठबंधन के भविष्य पर पड़ने लगा. सहयोगी दलों से आवाज उठने लगी कि गठबंधन में कोई बड़ा नेता संयोजक पद पर होना चाहिए. इसमें सबसे बड़ा नाम पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी मुखिया ममता बनर्जी का था. ममता बनर्जी ने भी खुलेआम संयोजक की भूमिका निभाने की इच्छा जता चुकी है. फिर महाराष्ट्र में गठबंधन से सहयोगी दलों शिवसेना उद्धव गुट और शरद पवार की एनसीपी ने भी कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठाए. जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी गठबंधन के भविष्य को लेकर सवाल पूछे.

**सपा मुखिया की चर्चाः** इन सबके बीच अब इंडिया के संयोजक पक्ष के लिए एक नए चेहरे के नाम की चर्चा हो रही है. वो हैं सपा मुखिया अखिलेश यादव. सपा के एक बड़े नेता रविदास मेहरोत्रा ने कहा है कि यूपी में अखिलेश यादव सबसे बड़े नेता बनकर उभरे हैं. लोकसभा में सपा दूसरी सबसे बड़ी विपक्ष पार्टी है. उसके पास 37 सांसद हैं. ऐसे में हम चाहते हैं अखिलेश यादव हो इंडिया गठबंधन के संयोजक का पद दिया जाए।

## झूठे आरोप... ममता बनर्जी पर बीजेपी हमलावर, चुनाव आयोग ने बंगाल सीएम को दिया था जवाब

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में 'फेक वोटर' को लेकर सियासत तेज हो गई है. बीजेपी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप निराधार बताया है. बीजेपी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप झूठे हैं. मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप भी झूठे है. ममता बनर्जी साल 2026 में हार को देखते हुए झूठे आरोप लगा रही हैं. वहीं भारतीय चुनाव आयोग ने भी आज स्पष्ट किया है कि ईपीआईसी नंबर में



डुप्लीकेशन का मतलब ₹डुप्लीकेट/फर्जी मतदाता नहीं है।

**निर्वाचन आयोग ने क्या कहा?:** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि एक जैसे नंबर का मतलब यह नहीं कि वे फर्जी मतदाता हैं. निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर ''समान हो सकते हैं'' लेकिन जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग–अलग हैं। ईपीआईसी नंबर चाहे जो भी हो, कोई भी मतदाता अपने राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां वह मतदाता सूची में पंजीकृत है. इसके अलावा वह कहीं और मतदान नहीं कर सकता.' निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि सभी राज्यों के मतदाता सूची डेटाबेस को 'ईआरओएनईटी' मंच पर डालने से पहले ''विकेन्द्रीकृत और मैन्युअल प्रक्रिया'' का पालन किए जाने के कारण विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुछ मतदाताओं को समान ईपीआईसी संख्या आवंटित की गई थी.

**बीजेपी ने किया पलटवारः** चुनाव आयोग के इस बयान के तुरंत बाद, वरिष्ठ भाजपा नेता और पार्टी के बंगाल सह–प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि बनर्जी का ₹एक और झूठ₹ धराशायी हो गया है. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹यह दुख की बात है कि बंगाल की मुख्यमंत्री 2026 में अपनी हार की नींव रखने और चुनावी प्रणाली में मतदाताओं का विश्वास कमज़ोर करने के लिए गलत सूचना का सहारा ले रही हैं।

## झारखंड में बीजेपी को नहीं मिल रहा लीडर? नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर सस्पेंस बरकरार

लोक तंत्र कीआवाज

**झारखंड प्रभारी निशांत तिवारी की रिपोर्ट**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लगभग तीन महीने से ज्यादा का समय हो चुका है, इसके बाद भी अब तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं कर पाई है। प्रदेश में बजट सत्र की शुरुआत भी हो चुकी है, ऐसे में मार्च में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति होने की संभावना कम ही है। भाजपा विधायक दल के नए नेता और प्रदेश अध्यक्ष के लिए नए नाम के लिए अभी कार्यकर्ताओं को और प्रतीक्षा ही करनी होगी।

दरअसल, केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से भी इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के



कोई संकेत नहीं दिए गए हैं। राज्य विधानसभा का बजट सत्र जारी है, लेकिन भाजपा ने विधायक दल के नेता का चयन नहीं किया है। पार्टी इन दिनों सांगठनिक चुनाव में लगी है। जिला स्तर पर इसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति होने की संभावना है।

**अप्रैल महीने में झारखंड भाजपा को मिल सकता है नया प्रदेश अध्यक्षः** ऐसे में अप्रैल महीने में ही नए अध्यक्ष का नाम केंद्रीय नेतृत्व तय कर सकता है। अभी वर्तमान कमेटी को ही सक्रियता से काम करने का निर्देश राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने दिया है।

**प्रकोष्ठों और मोर्चों का कार्यक्रम रहेगा जारीः** प्रदेश भाजपा की नई कमेटी बनने तक मौजूदा प्रकोष्ठ और मोर्चों के पार्टी के कार्यक्रम सक्रियता से चलाने को कहा गया है। ओबीसी मोर्चा ने पिछले दिनों चले सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसके अलावा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और दूसरे प्रकोष्ठों को भी कार्यक्रम करने के निर्देश दिए गए हैं।

**चतरा में भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाजपा का चरणबद्ध आंदोलन शुरूः** भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भ्रष्ट प्रशासनिक पदाधिकारी के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए काला बिल्ला लगाया है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जिला के सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रोफेसर शिवेंद्र हुए सम्मानित



**नवादा।** टी एस कालेज, हिसुआ के सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी प्रोफेसर डाक्टर शिवेंद्र नारायण सिंह को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्मित और जिला प्रशासन, नवादा द्वारा आयोजित मगही महोत्सव २०२५ में सम्मानित किया गया। इस समारोह में मगही साहित्य के विभिन्न विधाओं में साहित्य सृजन करने, मगही के प्रचार प्रसार में रचनात्मक योगदान देने एवं साहित्यिक दृष्टिकोण से मगही भाषा और साहित्य को समृद्ध करने हेतु प्रदान किया गया। नवादा के हरिश्चंद्र स्टैडियम में एक मार्च को आयोजित मगही महोत्सव के कार्यक्रम में उन्हें अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया।विदित हो कि प्रोफेसर सिंह हिंदी और मगही के जाने-माने साहित्यकार और गीतकार हैं। मगही के लगभग सभी विधाओं में उन्होंने उत्कृष्ट सृजन किया है।वे कई साहित्यिक संस्थाओं के साथ ही कई पत्रिकाओं के संपादक मंडल से भी जुड़े हुए हैं। विश्व मगही परिषद के पुरस्कार चयन समिति के अध्यक्ष भी हैं।साथ ही सामाजिक गतिविधियों में भी इनकी सहभागिता उल्लेखनीय रही है। इन्हीं कारणों से इन्हें कई सम्मान से नवाजा जा चुका है। जिले के कई साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने प्रोफेसर शिवेंद्र को बधाई दिया है जिनमें डा नागेंद्र नारायण, डाक्टर रंजना सिंह, प्रोफेसर चंद्र मौली प्रसाद सिंह,प्रो विजय सिंह,प्रो श्रीकांत सिंह,सागर सिंह, संतोष कुमार,पूजा रितुराज, अशोक अजय, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर न्यास के अध्यक्ष नीरज कुमार,आदि प्रमुख हैं।

### सिरदला: पुलिस ने एक फोर व्हीलर कार से 160 लीटर महुआ शराब किया जब्त



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवादा।** परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के मुगलसराय से पंचानपुर जाने वाली सड़क से 160 लीटर महुआ शराब के साथ एक फोर व्हीलर कर को जब्त किया है। प्रभारी थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जब्त कार को परना डाबर मोड़ से पीछा किया गया। कार भागते हुए मुगलसराय से पंचानपुर जाने वाली रोड में फस गया। जिससे ड्राइवर ने कार को छोड़कर फरार हो गया। कार को परना डाबर थाना परिसर लाया गया है।जिसके विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत थाना कांड संख्या 48/25 प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 300 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार, एक बाइक जब्त

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के फुलवरिया डैम के उस पार सागर पहाड़ के समीप से पुलिस बलों ने एक बाइक पर लदे 300 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन,भंडारण,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। वही बीते शनिवार को सुअरलेटी गांव की ओर से शराब की खेंप आने की गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एएसआई जयशंकर पाण्डेय के साथ सशस्त्र बलों के सहयोग से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सागर पहाड़ी के समीप होंडा साइन बाइक पर लदे 300 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया।साथ ही एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान सुअरलेटी गांव निवासी बाबूलाल मांझी के पुत्र माइकल भुइयां के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं बाइक के अलावे गिरफ्तार शराब धंधेबाज के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार धंधेबाज को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# होली को लेकर उत्पाद पुलिस सख्त, बस से ला रही भारी मात्रा में विदेशी शराब व बियर जब्त, चालक, कंडक्टर धंधेबाज गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने मां विषहरि रथ नामक बस से भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं बियर को जब्त किया गया।। वही बस के चालक,कंडक्टर एवं एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। होली त्यौहार नजदीक आते ही शराब की खेंप को बिहार में भेजने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। वही उत्पाद विभाग के एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद पुलिस पूरी चौकसी के साथ झारखंड की ओर से आनेवाली सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर तीन शिफ्टों में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है।रविवार की सुबह में झारखंड की ओर से आ रही मां विषहरि रथ नामक यात्री बस संख्या बीआर21पी2163 को रोककर एसआई बब्लू कुमार द्वारा जांच किया जाने लगा।जांच के क्रम में बस से भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं बियर बरामद किया गया।जब्त शराब में रॉयल स्टेज के 750 एमएल वाले 262 बोतल,रॉयल स्टेज के 375 एमएल वाले 168 बोतल,ब्लेंडर्स प्राइड के 375 एमएल वाले 13 बोतल,किंग फिशर के 500 एमएल वाले 348 केन बियर एवं बकार्डी के 375 एमएल वाले 13 बोतल शराब है।बस से कुल 237.24 लीटर विदेशी शराब एवं 174 लीटर बियर बरामद किया गया।

वहीं बस के चालक नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के महानंदपुर गांव निवासी नरेश यादव के पुत्र गुड्डू यादव, बस के कंडक्टर नालंदा जिले के कराय पशुराय थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव निवासी स्व राजेंद्र राम के पुत्र अरविंद राम एवं शराब धंधेबाज नवादा जिले के वारसलीगंज गांव निवासी स्व शंकर मिस्त्री के पुत्र राहुल शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर उत्पाद एएसआई राकेश कुमार ने रजौली थाना क्षेत्र के छतनी गांव निवासी संतू प्रसाद के पुत्र कौशल कुमार के पास से 1.5 लीटर विदेशी शराब,मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र निवासी गुरुदयाल सिंह के पुत्र राजा कुमार के पास से 3 लीटर विदेशी शराब व 3.5 लीटर बियर एवं वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र निवासी सिंगेश्वर राय के पुत्र के पास से 0.750 लीटर विदेशी शराब व 0.600 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।इसके अलावे उत्पाद एएसआई सौरभ कुमार ने नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र निवासी स्व महावीर प्रसाद के पुत्र अजीत कुमार के पास से ऑफिसर चॉइस के 750 एमएल वाले 4 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया गया।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त बस,शराब व बियर के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं सभी गिरफ्तार लोगों को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।इस मौके पर उत्पाद बल एवं गृहरक्षक जवान शामिल थे।

# मनन कुमार मिश्रा को सातवीं बार बार काउंसिल के अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को सातवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए न केवल श्री मिश्रा को बल्कि देशभर के 27 लाख अधिवक्ताओं को भी बधाई दी, जो इस प्रतिष्ठित संस्था का हिस्सा हैं।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि मनन कुमार मिश्रा का फिर से अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चयन यह दर्शाता है कि उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नेतृत्व में अद्वितीय कार्य किए हैं। उनका न्यायपालिका एवं विधि समाज के प्रति समर्पण, ईमानदारी और साहस, कानूनी व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक रहा है। उन्होंने भारतीय न्यायिक प्रणाली में सुधार, अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए जो प्रयास किए हैं, वे प्रशंसनीय हैं। बधाई और शुभकामना देते हुए कहा गया गया जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ताकहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया एक महत्वपूर्ण संस्था है जो भारत में अधिवक्ताओं की न केवल देखरेख करती है, बल्कि उनके अधिकारों की रक्षा और उनके पेशेवर विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत रहती है। श्री मनन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह संस्था और अधिक मजबूती से कार्य करेगी और अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान करेगी। और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में बार काउंसिल ऑफ इंडिया नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अधिवक्ता समाज लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और न्यायपालिका की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करता है। ऐसे में इस संस्था का नेतृत्व एक कुशल और अनुभवी व्यक्ति के हाथों में होना देश के हित में है। मनीष पंकज मिश्रा ने कहा मनन कुमार मिश्रा को उनके ऐतिहासिक चयन पर शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे अपने अनुभव एवं कुशल नेतृत्व से अधिवक्ताओं और न्यायपालिका के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में बार काउंसिल के सदस्य मुरारी कुमार हिमांशु भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर दीपक पांडे अनिल कुमार यादव बबलू गुप्ता शाहित अनलॉक में बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# 11 वर्षीय बच्ची को करैत सांप ने काटा पीएचसी में किया गया इलाज



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

सिरदला नवादा-प्रखंड के निमदा गांव की एक 11 वर्षीय बालिका को करैत सांप ने काट लिया। जिसे परिजनों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला ले जाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर अजय कुमार चौधरी के द्वारा इलाज किया गया। डॉ अजय कुमार चौधरी ने करैता साप होने की पुष्टि की है।और रात भर अस्पताल में भर्ती रही। बालिका ठीक होकर घर लौट आई। डॉ अजय चौधरी ने बताया कि कोई भी सांप काटे हमारे अस्पताल में सभी सांपों का दवा उपलब्ध है। सांपों की पहचान होना चाहिए। तुरंत अस्पताल पहुंचने पर इलाज संभव है। झराने फुकाने में समय बर्बाद नहीं करें। सांप काटे बच्ची की पहचान निमदा गांव निवासी रंजीत कुमार की 11 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी के रूप में की गई है।

# कैसे खेलूं मैं सावन में कजरिया, बदरिया घेर आयी ननदी

लोक तंत्र कीआवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा।** रविवार को ककोलत महोत्सव-2025 का तीसरा और अंतिम दिन नवादा के ऐतिहासिक स्थल हरिश्चन्द्र स्टेडियम में मगही महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भाषा, साहित्य, लोक संस्कृति एवं परंपरा को सहेजने तथा नई पीढ़ी को इससे जोड़ना है। दिन में भाषा, साहित्य, लोक कला, संगीत एवं संस्कृति जैसे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, कलाकार एवं मगही प्रेमी भाग लिए। मगही महोत्सव को बढ़ावा देने हेतु मगही फिल्म का प्रदर्शन किया गया जिसमें जिला आइकॉन फिल्म अभिनेता श्री राहुल वर्मा ने मगही फिल्म प्रदर्शनी का संयोजक की भूमिका निभायी उन्होंने बताया कि 1961 में बनी पहली मगही फिल्म ''भैया'' का प्रदर्शन किया गया और साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्म फगुनीया एम बीबीएस का भी प्रदर्शन किया गया। ककोलत महोत्सव-2025 की तीन दिवसीय अंतिम संध्या में मगही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राजेश मंझवेकर, नाट्य संस्था प्रयोगशाला के निर्देशक के द्वारा निर्देशित नाटक ''शराब को कहा ना'' का प्रभावकारी मंचन किया गया। मुख्य भूमिका में रजनी कांत और प्रियांशु कुमारी ने दर्शकों की संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया। सहायक भूमिकाओं में राधा कुमारी, प्रवीण कुमार, प्रेम कुमार, गौरव बिट्टू, श्यामाकांत, सुशील कुमार और दीपक कुमार ने प्रभावशाली अविनय से सबको प्रभावित किया। नाटक की प्रस्तुति में शंभु कुमार की उल्लेखनीय भूमिका रही। नाटक के बाद सांस्कृतिक संध्या में नृत्य के साथ कजरी, शारदा सिंहा के द्वारा गाये गये गीतों की बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति की गई। मगही लोकगीत और मगही गीत दोनो प्रस्तुत किये गए। आनन्ददायक होली गीत गाये गए, बृज गीत की भी प्रस्तुती की गयी। उक्त कलाकारों में पियूष कुमार वर्मा, उदय कुमार, कायनात अस्मत, कायनात नादरा, हंस शिखा, कल्याण सिंहा, सौम्या सिंहा आदि ने प्रस्तुति दी। तीन दिवसीय ककोलत महोत्सव से संबंधित सभी कार्यक्रमों मे मंच संचालन की मुख्य भूमिका रंगकर्मी श्रवण कुमार वर्णवाल ने अपने अनोखे अंदाज में कर के दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। साथ में डॉ0 विनिता प्रिया ने मंच संचालक की भूमिका निभायी। मगही महोत्सव कार्यक्रम के बाद मंच संचालकों एवं कलाकारों को जिला प्रशासन के द्वारा मोमेंटो, स्टॉल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता राजीव कुमार, एसडीपीओ मुख्यालय के साथ-साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी, जन प्रतिनिधिगण एवं हजारों की संख्या में दशर्क उपस्थित थे।

# अज्ञात कारणों से ट्रक में लगी आग, अग्निशमन कर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद बुझाई आग

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच पर जब्त एक ट्रक में रविवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई।ट्रक में लगी आग को देखकर जांच चौकी पर ड्यूटी में रहे होमगार्ड के जवान एवं अन्य कर्मी आग बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन आग का फैलाव इतना ज्यादा था कि उसपर काबू कर पाना असंभव दिखने लगा। इसी बीच जांच चौकी पर रहे कर्मियों ने अग्निशमन कार्यालय में फोन कर दुर्घटना की सूचना दी।सूचना मिलते ही अग्निशमन कर्मी दल-बल के साथ जांच चौकी पर पहुंचे एवं ट्रक में लगी आग पर खूब मशक्कत कर काबू पाया। वही आसपास में लगे आग को बुझाया।जांच चौकी पर प्रतिदिन परिवहन विभाग एवं उत्पाद विभाग द्वारा झारखंड के अलावे अन्य राज्यों की वाहनों की सघन जांच होती है।वहीं जांच में त्रुटिपूर्ण वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई कर जांच चौकी पर ही लगा दिया जाता है।इसके अलावे थाना द्वारा जब्त बड़े वाहनों को भी जांच चौकी पर लगाया जाता है।मिली जानकारी के अनुसार आगलगी में ट्रक संख्या एमपी09एचएफ7335 में आग लगी है,जो बीते वर्ष सिगरेट मामले में जब्त किया गया था।हालांकि आगलगी से सिर्फ एक ही ट्रक को नुकसान पहुंचा है,जबकि अन्य जब्त वाहन सुरक्षित बताया जा रहा है। मौके पर अग्निशमन कार्यालय से प्रधान अग्निक मधुरेंद्र,चालक निशांत कुमार,अग्निक लक्ष्मण मल्लाह व अमरजीत राम के अलावे गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

# राहुल पाण्डेय बने अखिल भारतीय ब्राह्मण संरक्षण संघ के जिला प्रवक्ता गांव के ग्रामीणों में खुशी

लोकतंत्र की आवाज

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के डीह रजौली गांव निवासी राहुल पाण्डेय को अखिल भारतीय ब्राह्मण संरक्षण संघ के जिला प्रवक्ता बनाए जाने से ग्रामीणों में खुशी है।। स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिलते ही फोन के माध्यम से बधाईयों का तांता लग गया।बताते चलें कि राहुल पाण्डेय विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अगली पंक्ति में खड़े दिखाई दे रहे हैं।इसके अलावे स्थानीय समस्याओं को अपने फेसबुक,व्हाट्सएप,इंस्टाग्राम एवं एक्स के अलावे अन्य प्लेटफार्म पर शेयर करते रहते हैं।साथ ही स्थानीय समस्याओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावे विधायक व सांसद से मिलकर समाधान का प्रयास करते रहते है। अखिल भारतीय ब्राह्मण संरक्षण संघ के नवनियुक्त नवादा जिला प्रवक्ता राहुल पाण्डेय ने बताया कि हमारे सामाजिक कार्यों को देखते हुए ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव पाण्डेय ने मुझे अखिल भारतीय ब्राह्मण संरक्षण संघ का नवादा जिला प्रवक्ता पद पर नियुक्ति प्रदान किए हैं।मैं इस पद का मान सम्मान और गरिमा का पालन करूंगा।साथ ही ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव पाण्डेय को धन्यवाद दिया।वहीं बड़े भाई समान ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष नवादा विकाश पाण्डेय को भी अभार व्यक्त किया है।



# महान किसान मजदूर नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती जयंती समारोह का आयोजन

लोक तंत्र कीआवाज



**नवादा।** जिला के न्यू एरिया स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के बहुउद्देशीय सभागार में स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयंती समारोह एवं महिला सशक्तिकरण सभा का आयोजन किया गया । यह आयोजन नवादा के प्रतिष्ठित शिक्षाविद ,समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के सौजन्य से हुआ।जयंती समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर सहजानंद सरस्वती के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर उपस्थित अनुज सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वामी जी अन्नदाता किसान को धरती का साक्षात भगवान मानते थे इसीलिए उन्होंने ₹वन्दे अन्नदातारम्₹का नारा देकर किसान हित में सृजनात्मक एवं संघर्षनात्मक कार्य को ही साधना मानकर आजीवन संघर्ष करते रहे।स्वामी सहजानंद ऐसे युगपुरुष संन्यासी रहे, जिसने अपना जीवन देश की आजादी और किसानों की भलाई के लिए होम कर दिया। परमार्थ चिंतन के परंपरागत मूल्यों से एकाकार होते हुए उन्होंने उस समाज में भगवान का दर्शन किया, जिसे हम किसान कहते हैं। किसानों की भलाई और उनको शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए उन्होंने अपने आप को समर्पित कर दिया। इस अवसर पर श्री अनुज सिंह के द्वारा महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत करने की बातकही गई । कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए पसई ग्राम निवासी समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी जी के आदर्शों , मूल्यों एवं विचारो के आधार पर स्वामी जी के मूल मंत्र वन्दे अन्नदातारम् को आत्मसात करते हुए किसान हित में सृजनात्मक एवं संघर्षनात्मक कार्य का संकल्प लेते हैं। अपने विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं में से हंड़िया के अधिवक्ता अरविंद कुमार ने कहा कि स्वामी सहजानन्द सरस्वती अथक कर्मठी, वेदान्त और मीमांसा के महान विद्वान , बेबाक पत्रकार एवं लेखक के साथ साथ संगठित किसान आंदोलन के जनक एवं संचालक थे। प्रोफेसर कृष्ण कुमार प्रभाकर ने बताया कि आजीवन स्वामी जी ने गरीब,वंचित,पिछड़ा और आर्थिक आधार पर कमजोर लोगों के समग्र विकास हेतु काम किया। पटवासराय जमुआवां पंचायत के सरपंच देवराज पासवान ने कहा कि उन्होंने समता के स्थापना हेतु कश्मीर से कन्याकुमारी तक संघर्ष किया। खेत में खुरपी चलाने वाले किसान और मजदूर की संतान को समाज के मुख्यधारा में लाना ही उनके जीवन का लक्ष्य रहा। आंती पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार ने उन्होंने जीवन का ज्यादातर वक्त बिहार में किसानों के हक की लड़ाई लड़ते हुए गुजर दिए थे। उन्होंने जमींदारी प्रथा के खिलाफ जिस आंदोलन की शुरुआत की कालांतर में वहीं किसान आंदोलन बिहार से जमींदारी प्रथा के उन्मूलन का आधार बना। मौके पर गोनामा के चंदन कुमार,प्रमोद कुमार अधिवक्ता, मनीष कुमार राजेंद्र नगर, मोहन सिंह चंद्रवंशी पटवासराय ,पंकज कुमार कोसला , जदयू नेता सुनील सिंह हंड़िया ,अखिलेश प्रसाद सिंह कोसला, भुवनेश्वर प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह ,राजकुमार पांडेय बुधौल, अनिता कुमारी, निशा कुमारी, पम्मी कुमारी, संगीता कुमारी, खुशी कुमारी ,किरण देवी, गीता देवी सहित सैंकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के संचालन में अनुज सिंह समर्थक सोनू कुमार, विकास कुमार ,राजेश कुमार, दिलीप कुमार, विपिन कुमार, अरुण कुमार, पारस कुमार, डॉ संजय कुमार, मनोज कुमार, विपुल कुमार, इश कुमार, अभय सिंह ,सुनील कुमार ,अनीता देवी सहित सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण रही।

# मगही पत्रिका सारथी का हुआ लोकार्पण कवि सम्मेलन में चढ़ा फागुन का रंग

लोकतंत्र की आवाज



**नवादा 2 मार्च ।** मगही भाषा गाँव की मिट्टी की सोन्ही महँक का प्रतीक है जिसमे प्यार दुलार के साथ मीठी नोकझोंक का अद्भुत आनंद मिलता है । मगही विकास परिषद के बैनर तले वारिसलीगंज प्रखण्ड के नारोमुरार गाँव में आयोजित मगही कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए डॉ मिथिलेश कुमार सिन्हा ने उपर्युक्त बातें कही । मुख्य अतिथि के रूप में अपसढ़ पंचायत के मुखिया राजकुमार सिंह और मेजवान के रूप में कुटरी के मुखिया अभिनव आनंद शामिल हुए । मगही पत्रिका ' सारथी 'के 29 वें अंक का विमोचन समारोह सह मगही कवि सम्मेलन में नवादा , शेखपुरा , नालंदा और जमुई जिले के दर्जनों कवियों और साहित्यकारों ने भाग लिया और मगही भाषा के विस्तार के साथ उसके संरक्षण व संवर्द्धन पर व्यापक चर्चा की । मौके पर संपादक आचार्य जयनंदन , प्रो किरण कुमारी शर्मा , नरेंद्र प्रसाद सिंह , अशोक समदर्शी , उदय भारती , सफी जानी नादाँ समेत नारो मुरार के गजानंद सिंह आदि ने सारथी पत्रिका का विमोचन करते हुए इसे मगही साहित्य की स्तरीय पत्रिका बताया । सम्मान व स्वागत सत्र में मगही विकास परिषद की ओर से सभी उपस्थित कवियों को अंग वस्त्र एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया गया जबकि गाँव की बेटियों ने स्वागत गीत से पीढ़ा-पानी सजाया । आखिरी सत्र में मगही कविता का दौर चला जिसमें भिन्न-भिन्न विधा के कवियों ने भिन्न भिन्न स्वर की कविता पाठ कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया । कविता में बसंती छौंक के साथ सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि की जोरदार प्रस्तुति शामिल रही ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर में चारा लाते समय युवती पर गिरा बिजली का तार मौके पर ही मौत



रिपोर्ट महताब अहमद
मंडावर थाना क्षेत्र के गाँव छकड़ा मे रविवार सुबह गाँव निवासी राकेश कुमार वह अपनी पुत्री रानी उम्र 20 वर्ष के साथ अपने खेत में गन्ना छीलने के लिए गए हुए थे सुबह लगभग 11:00 बजे जब उसकी पुत्री गन्ना छिल कर जानवरो का चारा सिर पर ले कर घर जा रही थी तभी अचानक बिजली का तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई युवती की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल खबर से गांव में दोड़ी दुख की लहर

### बिजनौर : ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक की मौत



रिपोर्ट मुकेश सिंह
**नगीना।** नजीबाबाद-नगीना मार्ग पर ट्रैक्टर चालक द्वारा गन्ना ट्रॉली को ओवरटेक करते समय अचानक ट्रैक्टर के पलट जाने के कारण दबकर मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार की शाम लगभग सात बजे नगीना-नजीबाबाद रोड पर रावलहेड़ी रेलवे फाटक से लगभग आधा किलोमीटर पहले नगीना से नजीबाबाद की ओर जा रहे ग्राम किशोरपुर रम्मनवाला, थाना नजीबा. बाद निवासी 42 वर्षीय ट्रैक्टर चालक एहसान पुत्र मुन्ना द्वारा गन्ना ट्राली को ओवरटेक करते समय सामने से अचानक आए वाहन को बचाने में ट्रैक्टर पलट गया। घटना के समय चालक व उसके साथ ट्रैक्टर पर बैठे एक अन्य व्यक्ति कार्तिक पुत्र सतीश द्वारा ट्रैक्टर से कूदकर खुद को बचाने का प्रयास किया गया। जिसमें कार्तिक बच गया। जबकि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के नीचे ही दब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचित किया। जिससे परिजन मौके पर पहुंच गए। उधर बुंदकी शुगर मिल की क्रेन द्वारा ट्रैक्टर को उठाकर दबे चालक को निकाला गया। जिसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गया है।

### तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर में हुई जोरदार टक्कर दो घायल अस्पताल में भर्ती



राकेश पाण्डेय
**सीतापुर।** जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की देर रात को ट्रैक्टर ट्राली से हुई जोरदार भिडंत में मोटर साइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया ।जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर ओयल के लिए रिफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार को बीती देर रात तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटर साइकिल से दो लोग लखीमपुर की तरफ जा रहे थे ।तभी हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत महोली तिराहे पर पहुंचने पर रात को चीनी मिल हरगांव से गन्ना बेंचकर वापस जा रही ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिससे दो लोग सुभाष चंद्र पुत्र विनोद कुमार व उनका साथी निवासी गोविंद नगर सलेमपुर कोन लखीमपुर खीरी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर तत्काल घटनास्थल पर पहुंची हरगांव पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया ।जहां से डाक्टरों ने उनकी चोट की गंभीरता को देखते हुए ट्रामा सेंटर ओयल के लिए रिफर कर दिया।

# पांच वर्षीय बच्ची की निर्मम हत्या को ले जिले में दहशत फूटे विरोध के स्वर अधिवक्ताओं व संगठनों ने विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज



राकेश पाण्डेय
**सीतापुर।** जिला मुख्यालय से करीब नब्बे किलोमीटर दूर जिले के रामपुर मथुरा इलाके में पच्चिस फरवरी को मोहित मिश्र की पांच वर्षीय बच्ची कु०तानी की निर्मम तरीके से दरिंदों के द्वारा की गई हत्या को लेकर पूरे जिले में दहशत का माहौल कायम है हत्या के बाद से विरोध के स्वर फूट रहे हैं। वैसे भी अक्सर या क्षेत्र अपराध और उसकी रोकथाम में प्रशासनिक लापरवाही के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। शंकरपुर,झिझनी पाल्हापुर हत्याकांड जैसी घटनाओं के बाद अब पांच वर्षीय मासूम तान्या की निर्मल हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है इस जघन्य अपराध के बाद लोग गुस्से में हैं और सिस्टम पर सवाल उठा रहे हैं। जिले के महमूदाबाद क्षेत्र में स्थित सीता ग्रुप के अध्यक्ष रमेश बाजपेई ने इस हत्याकांड को निंदनीय बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं बच्चों के मन में गहरे मानसिक आघात छोड़ती हैं। उन्होंने मांग की है कि अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। सामाजिक कार्यकर्ता किला सेक्रेटरी अनवर हुसैन ने कहा कि जब तक अपराधियों को सार्वजनिक रूप से इबरतनाक (नजीर बनाने वाली) सजा नहीं दी जाएगी तब तक हमारी बहन बेटियां असुरक्षित महसूस करेंगी। उन्होंने दोषियों को सरेआम फांसी देने की मांग की। बिजनेस मैन मोहम्मद अहमद खां ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस अपराध के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि ऊपरवाला उन्हें इस दुख से उबरने की शक्ति दे। मौलाना तुफैल अहमद नदवी ने इस घटना की एस आई टी जांच की मांग की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर नीचे की चुनौती देने वाले अपराधियों को सरेआम फांसी की सजा दिए जाने की मांग करते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द इस हत्याकांड का खुलासा करने की अपील की।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अतुल कुमार वर्मा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि छोटे बच्चों ने ऐसा कौन सा गुनाह किया था कि जो उन्हें इतनी भयानक सजा मिली? उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और फिर पुलिस विभाग से अपील की कि दोषियों को सरेआम दर्दनाक सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी घटना करने से पहले हजार बार सोंचे। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद नेता ने इस अपराध को अमानवीय और शर्मनाक करार दिया उन्होंने कहा कि अपराधी इंसान नहीं दरिंदा है और उसे भी उतनी ही क्रूर सजा मिलनी चाहिए उन्होंने विश्वास जताया की पुलिस जल्द से जल्द इस मामले का खुलासा अवश्य करेगी। भारतीय जनता पार्टी की महिला नेता श्रीमती लिखा गुप्ता ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने दिन भी जाने के बावजूद अपराधी पकड़ से बाहर क्यों हैं? उन्होंने सरकार से मांग की अपराधियों को ऐसी मिसाल बनने वाली सजा दी जाए जिससे भविष्य में कोई भी इस तरह का अपराध करने की हिम्मत ना करे। सामाजिक कार्यकर्ता समीउल्लाह खान ने कहा समझ में अब भी भेड़िए जिंदा है जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं उन्होंने सरकार से अपील की कि दोषियों को ऐसी सजा दी जाए जो पूरे देश के लिए एक मिसाल बने। भाजपा नेता गणेश पूजन समिति के अध्यक्ष रितेश रस्तोगी ने कहा कि यह हत्याकांड दिल को दहला देने वाला है उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसी सजा दी जाएगी जो समाज के लिए मिसाल बने। जैन समाज के अध्यक्ष अनुज जैन ने इस घटना को बेहद शर्मनाक बताया और कहा कि अपराधियों को केवल फांसी देना ही पर्याप्त नहीं होगा बल्कि उन्हें ऐसी सजा दी जाए जो भविष्य में कोई भी ऐसी घिनौनी हरकत करने से पहले कांप उठे उन्होंने सुझाव दिया की विदेशों में लागू कठोर दंड व्यवस्था को भारत में भी अपनाया जाए। न्याय की लड़ाई जारी रहेगी पांच वर्षीय तानिया की निर्मल हत्या ने सीतापुर सहित पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है लोग आक्रोश में हैं और मांग कर रहे हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए पुलिस और शासन पर दबाव बढ़ता जा रहा है जनता को उम्मीद है कि तान्या को न्याय जरूर मिलेगा। अधिवक्ताओं व संगठनों ने सामूहिक रूप से बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ताओं ने लालबाग चौराहे पर इकट्ठा होकर , विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। संगठनों के पदाधिकारियो के द्वारा सरकार से मांग की गई असली आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, उन्हे फांसी दी जाए व उनके परिवार को एक करोड रुपए का मुआवजा राशि दिया जाए, प्रदेश स्तरीय स्पेशल टीम का गठन किया जाए जिससे सीतापुर में भयमुख समाज की स्थापना हो सके। जागरूक नागरिक फाउंडेशन, राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज, अखिल भारतीय गायत्री परिवार, व्यापार मण्डल, सीतापुर हिंदी सभा सीतापुर, राजा टोडरमल स्मारक समिति, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, अधिवक्ता संगठन, किसान संगठन, भगवान परशुराम सेवा संस्थान ,सहित तमाम संगठनों के पदाधिकारियो ने विरोध प्रदर्शन कर न्याय दिलाने की मांग की। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा, एडवोकेट, नीलम गोड, सपना त्रिपाठी मधूपांडेय, रामनरेश पाल दीपक शुक्ला अरुण मिश्रा संजय शर्मा, अरुण मिश्रा ओमप्रकाश मिश्रा, आनंद श्रीवास्तव, कुलदीप पांडेय हरगांव नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष हरिनाम बाबू मिश्र टोडरमल स्मारक समिति संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजयपुरी, एडवोकेट/ जिला अध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा, राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रवण मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुमार राव, सचेद्र दीक्षित, हरिओम मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष संजय शुक्ला मुजीब सीतापुरी, सभासद प्रदीप कुमार गुप्ता, सहित तमाम पदाधिकारी अधिवक्ता गण व समाज सेवी मौजूद रहे।

## दबंगों ने किया युवती से अश्लील हरकतें, परिजनों को की गई पिटाई

लोकतंत्र की आवाज

राकेश पाण्डेय
**सीतापुर।** जिले की महमूदाबाद कोतवाली इलाके के एक गांव में दबंग घर में घुसकर युवती से अश्लील हरकत करना शुरू किया।युवती के शोर मचाने पर बचाने पहुंची युवती की बहन व मां की दबंग ने अपने परिवार के साथ मिल कर पीड़ित युवती, युवती की बहन व माँ जमकर धुनाई कर दी।पीड़ित युवती ने मौके से डायल 112 पर तत्काल घटना की सूचना दी।मौके पर पहुंची डायल 112 ने युवती को कोतवाली भिजवाया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई। महमूदाबाद इलाके के एक गांव की पीड़ित युवती ने बताया की वह अपनी बहन व मां के साथ शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे घर में थी तभी गांव का दीपक यादव पुत्र बलवंत घर में घुस आया और उसकी बहन से अश्लील हरकतें करने लगा।जिससे वह अपने बचाव में शोर मचाने लगी। पीड़िता ने बताया कि शोर सुनकर मेरी बहन व मां बचाव के लिए दौड़ कर आ गई। तो दीपक वहां से भाग गया और घर से अपने परिजनों को बुलाकर दोबारा घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़िता की मां और बहन की जमकर पिटाई कर दी पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की घटना शुक्रवार की बताई जा रही हैं तीन दिन बीत जाने के बावजूद खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज करना (एफआईआर) लिखना कोतवाली महमूदाबाद के द्वारा मुनासिफ नहीं समझा गया। अब सवाल यह उठ रहे है कि क्या योगी आदित्यनाथ की सरकार में यही नारी शक्ति मिशन अभियान के तहत सम्मान किया जा रहा है?आखिर किस कारण से अभी तक एफ आई आर नहीं लिखी गई?क्या पीड़िता की आवाज को महकमें के अधिकारी मिल कर दबाने की कोशिश तो नहीं कर रहे है?कही ऐसा तो नही कि छोटभैय्या नेताओं की मिलीभगत के चलते मोटी कमाई कर ली गई हो?जिससे कार्यवाही करने में हीला हवाली की जा रही है।

## पुलिस ने थाने के पास सड़क किनारे पड़े कुडे के ढेर को हटवाया

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट रोहित कुमार
**बिजनौर।** जनपद बिजनौर के थाना नगीना देहात पुलिस ने एक सराहनीय कार्य किया जिसकी जनता ने बहुत तारीफ की। मामला शनिवार रात्रि थाने के निकट ही कुछ कुड़ी के ढेर लगे हुए थे। जिस पर नजीबाबाद की तरफ से आ रही एक कार चढ़ गई। कुड़ी में पढ़ा हुआ गोबर पूरी सड़क पर फैल गया। जिस कारण रायपुर सादात और नजीबाबाद की तरफ से आ रही बाइक फिसल गई जिस कारण से बाइक सवार दो व्यक्तियों को गंभीर चोट आई तुरंत पुलिस ने अपनी गाड़ी में उन्हें नगीना हॉस्पिटल में भर्ती कराया और उनका इलाज कराया बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति शादी में जा रहे थे एक बाइक फिसलने के बाद दर्जनों बाइक वहां फिसली तुरंत ही एस आइ दीपक कुमार ने एक जे सी बी मंगाई और सड़क पर पड़े हुए कूड़े को साइड कराया फिर सड़क की धुलाई कराई तकरीबन एक घंटे के बाद यातायात सामान्य कराया ताकि ऐसी घटना दोबारा ना हो इस कार्य को देखकर जनता ने एस आइ दीपक कुमार और उनके सहयोगी आरक्षी आशीष धामी मुख्य आरक्षी रविंद्र की जनता ने बहुत तारीफ की साथ ही पड़ोस में रहने वाली पड़ोसियों ने बताया कि दीपक कुमार जी ने इस कार्य में हमारी बहुत हेल्प की। पुलिस वालों के इस सराहनीय कार्य में आसपास के लोगों ने भी साथ दिया और जिसकी वहां पर कुड़ी पड़ी थी। उनसे कहा कि आगे से सड़क पर कूड़ा न करें ताकि भविष्य में ऐसी घटना दुबारा ना हो।

## गंगा एक्सप्रेसवे को जनपद से जोड़ने की मांग की लोकेंद्र डोडवाल

लोकतंत्र की आवाज

● जनपद बिजनौर वासियों के साथ ही उत्तर प्रदेश में उत्तराखंड वासियो को मिलेगा लाभ



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र डोडवाल ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से होते हुए जानी चाहिए। क्योंकि देवभूमि उत्तराखंड के बाद पहला जनपद बिजनौर है। जिसमें मैदानी क्षेत्र में गंगा 120 किलो मीटर से 125 किलोमीटर की दूरी में बहती है जो कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक क्षेत्रफल में गंगा बिजनौर से होकर जाती है। उल्लेखनीय हो कि गंगा एक्सप्रेसवे से बिजनौर को नजर अंदाज रखने के बाद से ही बिजनौर की जनता में भारी रोष व्याप्त है। जनपद का हर एक व्यक्ति प्रतिनिधि, किसान, व्यापारी आदि वर्ग के लोग गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से निकालने की मांग कर रहे है। इसी के चलते भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र डोडवाल ने आक्रोश जताते हुए कहा कि बिजनौर से गंगा एक्सप्रेसवे निकलनी चाहिए। बिजनौर विदुर कुटी जो विदुर महाराज की कर्म स्थली रही है। गंगा बिजनौर से बहकर जाती है। बिजनौर एक ऐतिहासिक पौराणिक महत्व की पावन धरती है और इसी धरती पर राजा दुष्यंत और शकुंतला की प्रणय स्थली और परमप्रतापी सम्राट भरत की जन्मस्थली है और गोमुख से निकलने वाली मां गंगा उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश की सीमा में जनपद बिजनौर में प्रवेश करतीं हैं। इसलिए गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद बिजनौर से होकर हरिद्वार से जोड़े जाने से जहां दोनों राज्यों का आपसी जुड़ाव मजबूत होगा, वहीं जनपद बिजनौर का सर्वांगीण विकास और विकसित जनपद का निर्माण भी होगा। उन्होंने कहा कि स्वयं सीएम योगी आदित्यनाथ नेबिजनौर के एक कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेसवे को जनपद बिजनौर से होकर जाने की बात कही थी। लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ अपने वादे पर खरा नहीं उतर रहे है। उन्होंने कहा कि गंगा घाट महात्मा विदुर कुटी गंगा बैराज, रावली, बालावाली, नांगल सोती होकर हरिद्वार जाने से दोनों राज्यों की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से गंगा एक्सप्रेस वे कोजनपद बिजनौर से होकर हरिद्वार तक लाए जाने की मांग जिससे जनपद बिजनौर की जनता के साथ साथ पहाड़ी क्षेत्रों की जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को जनपद बिजनौर से नहीं जोड़ गया तो यूनियन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## ब्रह्मकुमारी आश्रम में चोरों ने 5 लाख की चोरी कर घटना को दिया अंजाम

लोकतंत्र की आवाज



**कदौरा जालौन।** कदौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मकुमारी आश्रम से हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा । पुलिस ने आरोपी बेनी प्रसाद कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 26 जनवरी की रात को कदौरा स्थित ब्रह्म कुमारी आश्रम से 5 लाख रुपए और चांदी के बर्तन चुराए थे। पुलिस अधीक्षक जालौन डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि ब्रह्म कुमारी शिवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में कदौरा थाना प्रभारी प्रभात सिंह के नेतृत्व में एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शहादतपुर रोगी गांव के पास से आरोपी को धर दबोचा । उन्होंने बताया कि जिस चोर द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया। वह मोबाइल का उपयोग नहीं करता था। जिसके बाद जमीनी तहकीकात करने के बाद आरोपी बेनी प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को कबूल किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 2,75,500 रुपए और चांदी के गिलास, कटोरी, चम्मच, पायल बरामद किए हैं। इसके अलावा कानपुर देहात से चोरी किया गया एक ट्रैक्टर और टीवीएस मोपेड भी बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि आरोपी ने चोरी के पैसों से कुंभ मेले में हेलिकॉप्टर की सवारी की। इतना ही नहीं उसके द्वारा कानपुर देहात में एक ट्रैक्टर चोरी किया गया साथ ही कुंभ मेला जाकर उसने एक मोपेड भी चोरी की थी। जिसको भी बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल एस पी ने खुलासा कर उसे जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि इस टीम का खुलासा करने वाली कदौरा थाना पुलिस टीम को 10000 रुपए का इनाम दिया जा रहा है। साथ ही आरोपी के खिलाफ अन्य आपराधिक मामलों के बारे में जानकारी ली जा रही है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक जालौन प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्रा धिकारी कालपी अवधेश सिंह, थाना प्रभारी कदौरा प्रभात सिंह सहित एसओजी व सर्व लायंस प्रभारी सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## उरई जालौन : 30 ग्रामीण 6 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्य मंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया

लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन ।** रविवार को जनपद के 30 ग्रामीण तथा 06 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलो का आयोजन किय गया जिनमें 40 चिकित्सको तथा 144 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा चिकित्सीय कार्य किया गया 779 पुरूषो तथा 601 महिलाओं सहित 1634 रोगियों का परीक्षण किया गया, जिसमें 254 बच्चों भी शामिल थे 40 आयुष्मान कार्ड बनाये गये व्यक्तियों का कोविड एण्टीजन टेस्ट किया गया। 35 रोगियों का मलेरिया कार्ड द्वारा जांच तथा 08 रोगियों की हेपेटाइटिस की जांच की गयी 12 व्यक्तियों की आंखों का परीक्षण किया गया 44 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया गया 07 रोगियों को उपचार हेतु उच्च केन्द्रों पर संदर्भित कर एम्बुलेंस द्वारा भेजा गया। 102 बुखार के रोगी 251 लीवर सम्बन्धी समस्याओं के 194 श्वसन सम्बन्धी समस्याओं 100 डायविटीज के रोगी सबसे अधिक 269 त्वचा सम्बन्धी रोगों के रोगी 04 खून की कमी के तथा 50 उच्च रक्तचाप के के रोगी देखें तथा उनको उपचार प्रदान किया गया। दिनांक 02 मार्च को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन डी शर्मा द्वारा 2.20 अपरान्ह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघौरा में आयोजित मुख्य मंत्री आरोग्य मेला का निरीक्षण किया डॉ



अरिसुदन फार्मासिस्ट हिमांशु जे आर डॉ आशीष एल टी दीपक उपस्थित मिले निरीक्षण के समय तक 102 रोगियों को देखा गया एवं दवा दी गई था 16 मरीज़ों की खून की जाँच की गई थी रोगियों की डायग्नोसिस एवं दी गई दवा तथा मोबाइल न. अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया 2.50 अपरान्ह शहरी स्वास्थ्य केंद्र तुफैल पुरवा में आयोजित मुख्य मंत्री आरोग्य मेला का निरीक्षण किया डॉ विष्णु गोपाल फार्मासिस्ट प्रदीप और स्टाफ नर्स शशि तथा राम कुमारी उपस्थित मिले निरीक्षण के समय तक 31 रोगियों को देखा गया था और दवा दी गई थी रोगियों की बीमारी दिये गये उपचार और मोबाइल नम्बर अंकित करने के निर्देश दिये। 3.15 बजे अपरान्ह पी एच सी आटा में आयोजित मुख्य मंत्री आरोग्य मेला का निरीक्षण किया डॉ अशोक कुमार एवं एल टी राजेश शुक्ला समय से पहले चले गये थे इनसे स्पष्टीकरण माँगा गया है एवं चेतावनी जारी की जा रही है निरीक्षण के समय 58 रोगियों को देखा गया था और दवा दी गई थी 13 रोगियों की खून की जाँच की गई थी।

## बजनौरः चांदपुर मे वन विभाग महिला की मौत के बाँद जागा

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह
**बिजनौर।** चांदपुर में गुलदार का आतंक इतना बढ़ गया है कि जंगल चारा लेने गई महिला को मौत के घाट उतार दिया ।जिस के बाद वन विभाग की कुंभकर्णी नींद टूटी है और अब ग्रामीणों को सुरक्षा के लिए विशेष दिशा निर्देश जारी कर रात में गस्त और निगरानी जारी कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के चांदपुर क्षेत्र में गुलदार के हमले से एक महिला की मौत के बाद वन विभाग पूरी तरह सतर्क गया है क्षेत्र में वन विभाग की टीमे तैनात कर दी गई है दरअसल इस घटना के बाद डीएफओ बिजनौर ने क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और गुलदार को पकड़ने के लिए विशेष टीमें लगाई गई है। वन विभाग ने घटना के आसपास तीन कैमरे और तीन पिंजरे लगाए हैं पिंजरौ की निगरानी के लिए वन कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग की टीमें गांव और आसपास के क्षेत्र में निरंतर गस्त कर रही है रात के समय लाउडस्पीकर से ग्रामीणों को गुलदार से बचने के लिए सावधान किया जा रहा है वन विभाग की टीमें 24 घंटे अलर्ट मोड पर है गुलदार की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है डीएफओ ने टीमों को गुलदार को पकड़ने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चैलेंजर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में मायागंज विजेता



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।प्रखंड के प्रगति मैदान में चैलेंजर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल का तीसरा मैच माही एकादश वर्सेज मायागंज के बीच खेला गया।माही एकादश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 4 विकेट पर 245 रन बनाए। जवाब में उतरी मायागंज की टीम ने 14, 2 ओवर में मैच जीत लिया। राकेश काजू ने 22 गेंद पर शानदार 102 रन की पारी खेली। राकेश काजू को मैंन ऑफ द मैच चुना गया।जिसको पांच सौ रुपए और ट्रॉफी प्रदान किया गया। आज के मैच के अपपायर अजय और सूरज थे। कमेंटेटर में गोलू शर्मा स्कोरर में ऋषि शर्मा थे।

### आग लगने से घर का पूरा सामान जलकर राख, तीन बकरिया भी झुलसी



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत बाखरपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित आमापुर ग्राम में मनकी मंडल, पिता राम मंडल के घर में अचानक शाम लगभग 6 बजे के समय आग लग गई ।वही आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते लगभग सारा घर जल कर राख हो गया । वहीं घर में बंधी तीन बकरी एवं एक गाय झुलस गई । आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया। तब तक लगभग लाखों का सामान जल कर राख हो गया ।स्थानीय मुखिया अंबिका प्रसाद मंडल ने घटना को लेकर बताया कि आग लगने का कोई कारण पता नहीं चला है। इसकी सुचना संबंधित अधिकारी को दी गई है । अधिकारी मौके पर पहुंच कर क्षति का आकलन करेंगे।

### 4 मार्च को शहीद जुब्बा सहनी को शहादत दिवस के रूप में मनाया जाएगा : गौतम कुमार प्रीतम

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। चार मार्च को दिन के करीब 11बजे से बहुजन चेतना केंद्र, बिहपुर थाना के नजदीक शहीद जुब्बा सहनी के शहादत को याद करने व न्यायपूर्ण समाज व लोकतंत्र के लिए संघर्षरत कथाशिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती पर विशाल जन–जुटान करना जा रहे हैं।कार्यक्रम को संबोधित करने मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ.अनील सहनी, बहुजन नायक अशोक महतो, लौका के राजद विधयक भारत भूषण मंडल, मुंगेर लोकसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी कुमारी अनीता रहेंगे।साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में राजद प्रवक्ता अरुण यादव, नौगछिया जिला प्रभारी चंदन चौधरी, प्रदेश महासचिव शैलेश कुमार रहेंगे।उक्त जानकारी राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने दी ।

### पंद्रह लीटर देसी शराब के तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। शनिवार की रात बिहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के अरसंडीह बहियार से पंद्रह लीटर देसी शराब व बनाने का उपकरण के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने कहा गिरफ्तार तस्कर अरसंडीह गांव का सुजीत कुमार है।जिसे रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना कार्यक्रम को लेकर तैयारीयां शुरू

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। सोमवार को पुर्णिया में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्षा शिला शेखावत की होने वाले कार्यक्रम को लेकर बिहपुर, नारायनपुर खरीक समेत कई गांवों में जोरशोर से जुटान के लिए निमंत्रण दिया जा रहा हैं ।उक्त जानकारी देते हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश महासचिव रजनीश कुमार सिंह कहा कि कार्यकर्ताओ एवं गांव–गांव व टोला–टोला में जाकर राजपूत को राष्ट्रीय अध्यक्षा शीला शेखावत के कार्यक्रम में पहुंचने का आमंत्रण पत्र भी दे रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्षा का पुर्णिया क्षेत्र के आगमन हमारे लिए गौरव व हर्ष का क्षण है।मौके पर मौजूद नगरपाडा मुखिया प्रतिनिधि पवन सिंह,समीर सिंह, गणेश सिंह,पिंटू सिंह समेत कई कार्यकर्ता गांव–गांव जाकर आमंत्रित कर रहे हैं।कार्यकम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह व माहौल उत्सवी बन गया है।

# जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह– अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित लोक अदालत कक्ष में जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय, साहेबगंज संजय कुमार उपाध्याय, जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश झ दुतीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव,जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) विजय कुशवाहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल विमलेश त्रिपाठी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साहेबगंज किशोर तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरहरवा नितिन खंडेलवाल, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, साहेबगंज नीरज कुमार साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय, साहेबगंज संजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि हर थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी का कर्त्तव्य और कानूनी बाध्यता है कि मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय और उचित मुआवजा मिले । ऐसा नहीं करने पर कानूनी प्रतिबंध्यता है। उन्होंने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिवार्य है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोर्ट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है। मुआवजा राशि देने के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि मुआवजा राशि भुगतान का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार को रोजगार और जीवनयापन के लिए सहायता राशि मुहैया कराना है।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश झ दुतीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने मोटर दुर्घटना कानूनों में हुए बदलाव को उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने थाना प्रभारियों से बेहतर करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि आपलोग बेहतर कर सकते है । उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संकल्प लेकर यहां से जाने की जरूरत है कि पीड़ित परिवार को सही मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। जो बिना इंशोरेंस कंपनी और पुलिस पदाधिकारी के सहयोग का संभव नहीं हैं। उन्होंने मुआवजा दिलाने में पुलिस पदाधिकारियों कि महत्ती भूमिका और कर्त्तव्यों को बता थानाध्यक्षों को अपनी भूमिका कर्त्तव्यनिष्ठा से निभाने का अपील किया। इस अवसर पर चीफ़ एलएडीसी, अरविन्द गोयल व उनकी टीम, सड़क अभियंता अनुज कुमार, आईटी सहायक राजहंस, पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## लाखोचक पहाड़ी क्षेत्र की घटना में त्वरित गति से अनुसंधान होने पर चार गिरफ्तार, तीन लखीसराय का एक शेखपुरा का



लोक तंत्र कीआवाज

**लखीसराय।** दो लोगों की की हत्या कर शव को पहाड़ी पर फेक देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को त्वरित गति से अनुसंधान कर पकड़ा। वही बन्नूबगीचा थाना कांड संख्या 12/25 के अनुसंधान के क्रम अपराधकर्मी नीरज कुमार उर्फ घुटेली पिता कटीमन यादव राजेश कुमार पिता जंगली यादव ग्राम पचाम नीतीश कुमार पिता राजो मंडल ग्राम बंशीपुर तीनों थाना किउल जिला लखीसराय एवं उदय यादव पिता अर्जुन यादव ग्राम जमालपुर थाना + जिला शेखपुरा को गिरफ्तार किया गया है। जिसने अपने अपराध को स्वीकार करते हुए उनके निशान देही पर घटना में प्रयुक्त एक देसी कट्टा के साथ–साथ एक कारतूस भी बरामद किया गया है, साथ ही दोनों मृतक अभिषेक कुमार उर्फ गोलू एवं भिक्कू कुमार उर्फ विक्की कुमार का मोबाइल भी बरामद किया गया है।

वही दो लोगों की हत्या को लेकर एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया था कि जानकीडीह की बबीता देवी के द्वारा बन्नूबगीचा को सूचना दी गई कि उनके पुत्र और निक्कू दोनों चानन थाना अंतर्गत बड़हिया बाबा जहां आदिवासियों का मेला लगता है वहां 18 तारीख को मेला देखने गए थे तब से नहीं मिला इसमें तत्काल एफ आई आर दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया। इस दौरान कुछ इलेक्ट्रॉनिक और ऑडियो साक्ष्य प्राप्त हुए इनमें मिली जानकारी के आधार पर तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया वही बुधवार 26 फरवरी को लाखोचक पहाड़ी क्षेत्र से दोनो का शव बरामद किया गया था। एसडीपीओ ने इस घटना में कुछ और लोगों की संलिप्तता पाई गई है ऐसा बताया था। अनुसंधान में किसी प्रकार की परेशानी न हो प्रभावित न हो इसके लिए विस्तार से नाम का उल्लेख भी नहीं किया गया था। उन्होंने कहा था कि बीते 24 से 48 घंटे में और भी गिरफ्तारियां होगी। इस क्रम में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## समस्तीपुरः बच्चों ने रखा रोजा, देश में अमन चैन के लिए की दुआ



**लोकतंत्र की आबाज**

**पूसा/समस्तीपुर।** मोहम्मदपुर कोआरी पंचायत के खान टोला में दो जुड़वा भाई बहन ताहा खान और जुनैरा खान ने 6 वर्ष की उम्र में पहला रोजा रखकर नजीर पेश की है। इतने कम उम्र में रोजा रखना एक बहुत बड़ी बात होती है, रोजा का महीना बरकत का महीना होता है लोगों को इस बच्चे ने पैगाम दिया है कि इस महीने में रोजा रखें। दोनो बच्चों ने मुल्क में अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआ की है।

## किसानों का जमीन लगान रसीद सरकार कटवाना जल्द शुरू करें

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**साहिबगंज।** रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट परिसर में रविवार को पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार भारतीय हलधर किसान यूनियन की सप्ताहिक बैठक डा०शैलेश कुमार गिरि राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता व बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी के निर्दशानुसार सम्पन्न हुई।जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने किया।इस दौरान किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं से जुड़ी बातों को रखा।किसानों ने बताया कि जमीन का लगान रसीद काटना बंद हैं।जबकि किसान अपने जमीनों का रसीद कटाने के लिए तैयार हैं।जमीन लगान का रसीद काटने का सरकार शीघ्र व्यवस्था करें।जिससे किसानों का ससमय लगान रसीद कटवा ले।इस क्रम में अपनी पुरानी समस्या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों का लंबित फसल बीमा की राशि की ओर सरकार ध्यान आकृष्ट करने की बात रखी।

आपदा प्रबंधन की ओर से किसान को शिविर में बाढ़ रिलीव दी जाती हैं।उसी क्षेत्र के किसान को फसल नुकसान होने पर कहा जाता है,फसल अच्छा हुआ इसलिए फसल बीमा के नियमानुसार नहीं मिलेगा।आखिर कैसा सर्वे कराया गया।एक ही क्षेत्र के किसान को बाढ़ पीड़ित घोषित कर रिलीव दिया गया,वही फसल बाढ़ में डूब जाने से बर्बाद हुआ।किसान को अभी तक बीमा राशि की भुगतान नहीं किया गया है।दिसंबर 2024 तक हो चुका जमीन बीमा का राशि का अभिलम्ब भुगतान किया जाय।किसान का कृषि ऋण को लेकर बैंक का नोटिस जारी किया जाता हैं।जबकि सरकार ने किसान का कृषि ऋण माफ कर दी हैं।किसानों ने सरकार से खेती करने के लिए ब्याज मुक्त कृषि ऋण की मांग रखा।वही किसान को पेंशन योजना से जोड़ कर पेंशन चालू किया जाय।

वही पीड़ित लक्ष्मण यादव को माननीय उच्च न्यायालय रांची से पारित आदेश एवं सूचना राज्य आयुक्त रांची के आदेश के बाबजूद क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं किए जाने पर किसानों ने खेद व्यक्त किया।यूनियन की अगली बैठक 17 मार्च को होगी।इस मौके पर शंकर प्रसाद यादव, चंद्रमा प्रसाद यादव,मन्नू यादव, भरत पांडे,पवन कुमार यादव,रुदल यादव,रामप्रवेश यादव उदय कुमार गुप्ता राम सिहासन यादव,विंध्याचल सिंह, ब्रह्मदेव रविदास शिवचरण सिंह रामेश्वर महतो इंद्रदेव सिंह राम अवतार यादव,हृदय कुमार सिंह ममता कुमारी,बासुकीनाथ चौबे, चंदा मोसमात,राम लगन रविदास राम वृक्ष रविदास ब्रह्मदेव यादव जागेश्वर मंडल उदय कुमार सिंह बच्चन कुमार पाठक एवं अन्य किसान मौजूद रहे।

## ताराकांत बने किसान प्रकोष्ठ राजद जिला उपाध्यक्ष , कार्यकर्ताओं ने दिया बधाई

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के मड़वा गांव के वार्ड नम्बर13 निवासी चित्तरंजन राय के पुत्र ताराकांत राय को राष्ट्रीय जनता दल के किसान प्रकोष्ठ के नवगछिया जिलाध्यक्ष सुबोध पासवान ने सांगठनिक क्षमता एवं कार्य कुशलता को देखते हुए पत्र जारी कर राजद के किसान प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पद नियुक्त कर विश्वास जताया है ।कि पार्टी संगठन को सुदृढ एवं धारदार बनाने में सक्रिय भुमिका निभाते हुए संघर्षात्मक एवं रचनात्मक कार्यक्रम में अपना योगदान देगें। ताराकांत राय ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के विचारधाराओं को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा ।पार्टी द्वारा जो हमें नई जिम्मेदारी दी गई है। उस पर खडा उतरने का प्रयास करूंगा।मौके पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विपिन कुमार मंडल,मो.सरफरोज खां , पूर्व पंसस विभाकर उर्फ राजा ,जिला परिषद प्रत्याशी पप्पू यादव , व अन्य राजद कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया।

## समस्तीपुरः स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

लोकतंत्र की आबाज



**शिवाजीनगर/समस्तीपुर।** प्रखंड में गांधी स्मारक दामोदर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्लीपुर में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के स्टूडेंट शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न कोचिंग सेंटर स्कूल से सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना और उन्हें कदाचार मुक्त परीक्षा वातावरण में प्रतिस्पर्धा का अनुभव कराना था।

खास बात यह रही क़ी प्रतियोगिता को कदाचार मुक्त तरीके से आयोजित किया गया परीक्षा में कुल 50 अंक निर्धारित थे। जिसमें विभिन्न सामान्य ज्ञान के इतिहास, भूगोल, विज्ञान, साहित्य और अन्य शैक्षिक विषयों से प्रश्न पूछे गए जिसका परिणाम 9 मार्च को घोषित किए जाएंगे, और इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 20 छात्र–छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। आयोजक छात्र नेता अमृत झा और पत्रकार आशुतोष झा ने बताया सभी छात्र–छात्राओं के बीच परिणाम का बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि टॉप 20 में आने वाले छात्रों को पुरस्कारों के साथ सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि यदि छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इस दौरान मौके पर महेंद्र नारायण चौधरी, अभी झा, मोहित झा, प्रत्यूष झा, वैभव राय सहित सैकड़ों अविभावक मौजूद रहे है।

## समस्तीपुर जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक सम्पन्न

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** रविवार को जिला कांग्रेस कमिटी की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मो अबू तमीम ने की। जिसमें जिला के पदाधिकारी, जिला कार्यकारणी के सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से नियुक्त प्रभारी नरेश भारद्वाज ने भाग लिया।

बैठक में कांग्रेस के नेताओं ने नारा दिया साकार करने हेतु कांग्रेस चली गांव एवं प्रमुख कांग्रेसजनों के द्वार तक प्रत्येक प्रखंड एवं गांव का दौरा कर संगठन को सुदीर्घ करने का काम करेगी। इस कार्यक्रम में प्रभारी स्वयं गावों में उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र नारायण झा, राम उदगार महतो, विजय शंकर शर्मा, महेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार राय, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, सतीश चंद्र चौधरी, लाल नारायण ठाकुर, ठाकुर मनोज भारद्वाज, उपेंद्र नाथ तिवारी, कन्हैया कुमार, सोनी पासवान, नगर अध्यक्ष डोमन राय, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मालिक, शंभु प्रसाद सिंह, कपिलेश्वर कुंवर, आशुतोष कुमार, संजय झा, फ़रोज़ अंसारी, सुरेश कुमार महतो, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष देविता कुमारी गुप्ता, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, अभिनव अंशु, राजन कुमार वर्मा, कामेश्वर पासवान, विश्वनाथ सिंह हज़ारी, मो मोहीउद्दीन, उदय केतु चौधरी, निर्भय कुमार चौधरी, डॉ संतोष कुमार यादव, अरुण मिश्रा, जय प्रकाश सिंह, एस के वर्मन सहनी, संजीव कुमार ठाकुर, दिलदार हुसैन आदि मौजूद थे।

# औरंगाबादः सड़क हादसे में एक की मौत तीन घायल

लोकतंत्र की आवाज




**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** रविवार की दोपहर स्कॉर्पियो और ऑटो की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।यह घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के सिहाड़ी बाजार में की है।ग्रामीणों ने बताया कि गोह दाउदनगर मुख्य पथ संख्या एनएच 120 पर गोह की ओर से दाउदनगर जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि घटनास्थल से स्कार्पियो चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बीच सड़क पर ही पलट गई। वहीं मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी 56वर्षीय बंगाली राम के रूप में हुई है।

वहीं तीनों घायल रामनगर गांव निवासी 65 वर्षीय किशोरी साव 65 वर्षीय चंद्रदेव राम 70 वर्षीय कृष्णा साव को ग्रामीणों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक सिहाड़ी गांव निवासी पंचायत समिति सदस्य राम अवतार राम के फुफा हैं। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गोह दाउदनगर मुख्य पथ को दो घंटों तक जामकर मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष नरोत्तम कुमार व पुलिस बल को काफी आक्रोश झेलना पड़ा। स्थानीय ग्रामीण डा. देवलाल पासवान, पूर्व पंचायत समिति राम अवतार राम, शिक्षा सेवक ललन चौधरी ने आक्रोशितों को समझा बुझाकर जाम को हटाया।

मृतक के रिश्तेदार ने बताया कि रामनगर गांव निवासी संतोषी साव अपनी पुत्री की शादी दाउदनगर थाना क्षेत्र के रपुरा गांव निवासी धर्मदेव साव के पुत्र से ठीक किया था। आज उनके घर से शादी की रस्म में धनबटी कर लौट रहा था तभी अचानक यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक के घर में मातम छा गया और परिजनों को रो रोकर बूरा हाल है। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजकर परिजनों को सौंप दिया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रशांत किशोर लौरिया में 5 मार्च को जनता से रूबरू होंगे



क्षितिज राज
लौरिया।जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर 5 मार्च को लौरिया साहूजैन स्टेडियम में आकर जनता और कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। प्रशांत किशोर के आगमन को लेकर रविवार को साहूजैन में जनसुराज पार्टी की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश संगठन महासचिव व पूर्व विधायक किशोर मुन्ना ने की। जिसमें कहा गया कि श्री कुमार पांच मार्च को लौरिया में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उनकी जनसभा में अधिक से अधिक लोग पहुंचे और कैसे इसे सफल बनाया जाए को लेकर समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड और सभी पंचायतों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं से वरीय पदाधिकारियों ने मंथन की। बैठक में गया कि सभी कार्यकर्ताओं का प्रशांत किशोर के लौरिया आगमन से पार्टी में एक नया उमंग और संचार आ गया है। उपरोक्त जानकारी जिला मुख्य प्रवक्ता ई.सिकंदर चंद्रा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिए ' बैठक में वरीय नेताओं में एमएलसी आफाक अहमद, प्रदेश संगठन सचिव ए के द्विवेदी, जिला संगठन महासचिव शर्चींद्र कुमार पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय, नरकटियागंज अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद, मुखिया संजय पाठक, जिला प्रभारी विकास सिंह, शमशाद अली, आशुतोष मल, कौशल्या देवी, संदीप ठाकुर, अब्बास अहमद सहित दर्जनों नेता शामिल थे।

### बकाया गन्ना मूल्य भुगतान करने को लेकर ईख कास्तकार संघ ने गन्ना महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बकाया गन्ना मूल्य भुगतान करने को लेकर ईख कास्तकार संघ के प्रदेश सचिव छोटे श्रीवास्तव ने गन्ना महाप्रबंधक, बगहा चीनी मिल के बीएन त्रिपाठी, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा गौरव कुमार, जिलाधिकारी, पश्चिमी चंपारण दिनेश कुमार राय सहित ईखायुक्त, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार पटना को एक ज्ञापन सौंपकर मांग किया हैं कि चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त कर कल रात्रि में चीनी मिल बंद कर दिया गया जबकि कुछ किसानों का गन्ना खेत में रह गया हैं। मिल प्रबंधन के कुव्यवस्था के चलते इस वर्ष किसानों को भारी नुकसान हुआ है। दिनांक 20 फरवरी 2025 से कल तक 11 दिन का लगभग 1 करोड़ 46 लाख तथा 1 महीना 3 दिन का गन्ना मूख्य बढ़ोतरी का अन्तर मूल्य भुगतान लगभग 2 करोड़ 50 लाख से ज्यादा चीनी मिल के जिम्मे बकाया है। पड़ोसी चीनी मिल द्वारा गन्ना मूल्य बढ़ोत्तरी एवं चालू सीजन का भुगतान नियमित रुप से किया जा रहा है।बगहा चीनी मिल द्वारा भुगतान नहीं करने से शादी–ब्याह, खेती–बारी तथा बच्चों का पढ़ाई–लिखाई प्रभावित हो रहा है।इसलिए बकाया गन्ना मूल्य भुगतान विषय को गंभीरता से लेते हुए सभी बकाया भुगतान अतिशीघ्र कराने की अग्रसर कार्रवाई की जाएं।मौके पर ईख कास्तकार के छोटे श्रीवास्तव, लालबाबू यादव, मुन्ना यादव, प्रेमचंद्र यादव मुन्ना खां आदि मौजूद थे।

### 157 शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बगहा। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की घोषणा के बाद विभागीय स्तर पर आयोजित द्वितीय चरण की सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को शनिवार को प्रखंड बगहा दो में कैंप लगाकर के नियुक्ति पत्र दिया गया। बगहा दो प्रखंड सभागार में कैंप का आयोजन कर परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला। यह नियुक्ति पत्र पूर्णतया औपबंधिक है व संबंधित शिक्षक अपने मूल विद्यालय में ही तत्काल विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान करेंगे। शनिवार को आयोजित कैंप में प्रखंड के 157 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी फूदन राम व बीईओ अतिरिक्त विजय कुमार यादव ने बताया कि द्वितीय चरण के सक्षमता में उत्तीर्ण प्रखंड के 157 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। उन्होंने बताया की नियुक्ति पत्र के बाद सभी नवनियुक्त शिक्षकों को अपने नियोजित स्थान पर ही योगदान देने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि प्रथम निव चरण में सक्षमता पास 622 शिक्षकों को प्रखंड में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया था। वहीं दूसरे चरण में 157 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।

# मोतिहारी:रक्सौल नगर परिषद की सभापति से नगर विकास एवं आवास विभाग ने दो सप्ताह के भीतर मांगा जवाब, अवैध बहाली और करोड़ों की खरीद का है आरोप

**स्वीकृति लिए बिना ही उन्होंने 6.63 करोड़ रुपये के उपकरणों की खरीदारी भी कर ली**




लोकतंत्र की आवाज

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के रक्सौल नगर परिषद की सभापति धुरुपति देवी पर लगे भ्रष्टाचार और अवैध बहाली के गंभीर आरोपों के बाद उनकी कुर्सी खतरे में पड़ गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए सभापति से दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अगर वे संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में असफल रहीं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है। सभापति धुरुपति देवी पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नगर परिषद में लिपिक और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की अवैध बहाली की। इतना ही नहीं, बोर्ड की बैठक में स्वीकृति लिए बिना ही उन्होंने 6.63 करोड़ रुपये के उपकरणों की खरीदारी भी कर ली। इस मनमानी से नगर परिषद में असंतोष फैल गया और पार्षदों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई है। इस घोटाले के उजागर होने के बाद, रक्सौल नगर परिषद के उपसभापति ने दर्जनों पार्षदों के साथ मिलकर पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल से इसकी जांच की मांग की। पार्षदों का आरोप था कि सभापति ने अधिकारियों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर लूट–खसोट की और अवैध तरीके से पैसे की उगाही की।जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीएम के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की। यह टीम नगर परिषद पहुंची और विभिन्न फाइलों की गहन जांच की, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गईं। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने अपनी रिपोर्ट नगर विकास एवं आवास विभाग को भेज दीं हैं। जांच में मिले सबूतों के आधार पर विभाग के अपर सचिव राजेश्वर राज ने सभापति धुरुपति देवी को दो सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। अगर वे संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाती हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है, जिसमें पद से हटाने की सिफारिश भी शामिल हो सकती है। इस पूरे मामले को लेकर नगर परिषद के पार्षदों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि नगर परिषद में वर्षों से भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है और अब इसे खत्म करना जरूरी है। कई पार्षदों ने मांग की है कि सभापति को पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। नगर निकाय के नियमों के अनुसार, अगर किसी सभापति पर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सिद्ध होते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकता है। इसके अलावा अनियमित रूप से किए गए सभी फैसलों को रद्द किया जा सकता है और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

### प्रशांत किशोर के भितिहरवा आश्रम आगमन को ले वरीय नेत्री स्मिता चौरसिया ने तैयारी की लिया जायजा



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के भितिहरवा आश्रम 5 मार्च को आगमन को लेकर जन सुराज पार्टी के वरीय नेत्री सह बगहा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी व रामनगर प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष स्मिता चौरसिया ने शुक्रवार को तैयारी की जायजा लिया। खटौरी पंचायत के मुखिया सह जन सुराज पार्टी के वरीय नेत्री स्मिता चौरसिया ने बताया कि 5 मार्च को जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर जी चम्पारण की धरती भितिहरवा आश्रम आ रहें हैं। उन्होंने बताया कि वे लौरिया होते हुए भितिहरवा आश्रम जायेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी समीक्षा की। तथा वे लौरिया से बेतिया और बेतिया से भितिहरवा आश्रम जाकर कार्यक्रम की तैयारी की जायजा लिया। तथा जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। जन सुराज पार्टी के वरीय नेत्री सह बगहा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी स्मिता चौरसिया ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि हजारों हजार की संख्या में भितिहरवा आश्रम पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनावें।

### मोतिहारी: पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** जिले के हरसिद्धि के मुरारपुर बलुआ टोला में पुलिस ने छापेमारी कर, दो अपराधियों को पकड़ा है.....पकड़े गए अपराधी मुरारपुर बलुआ टोला के योगेन्द्र सहनी का पुत्र उमेश सहनी व विनोद सहनी का पुत्र रंजय सहनी शामिल हैं। मुफ़सिल थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार व हरसिद्धि पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर धर दबोचा है.....पकड़े गए दोनों अपराधियों पर रंगदारी, मादक पदार्थ की तस्करी करने का आधा दर्जन से ज्यादा मामला है दर्ज।

### थरूहट के रामपुर हाई स्कूल में आयोजित होली मिलन समारोह सह नेत्र स्वास्थ्य शिविर और संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**रामपुर।** हाई स्कूल में आयोजित होली मिलन सह नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सांसद संजय जायसवाल ने कहा की पूर्व विधायक दिलीप वर्मा व युवा नेता समृद्ध वर्मा द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर से हजारों लोग लाभान्वित हो रहे है।स्वास्थ्य शिविर में बिहार के नामचिन चिकित्सक शिविर मे जांच कर जरूरतमंदो को लाभान्वित कर रहे हैं।वहीं चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने कहा की सुदूर देहात क्षेत्र में इस तरह के आयोजन कराना इस बात का प्रमाण है कि पूर्व विधायक दिलीप वर्मा व युवा नेता समृद्ध वर्मा जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। लोगों के सुख दुख में रहना इन दोनो का नियती है।साथ ही कहा की पीएम मोदी की देखरेख में देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।हमारी राजनीति सामाजिक सुखद बदलाव एवं जनता की खुशहाली की दिशा में केन्द्रित रही है।समाज का अंतिम व्यक्ति हमारी सक्रियता की धुरी रहा है।वही लौरिया विधायक विनय बिहारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है।देश का सम्मान और ताकत बढ़ा है।कार्यक्रम के आयोजन करता पूर्व विधायक दिलीप वर्मा व भाजपा नेता समृद्ध वर्मा ने कहा की दुनिया मे दुगो जात होला अमिर और गरीब।अमिर के चाही गरीब के सेवा करके।गरीब के सेवा से ही भगवान प्रसन्न होते हैं।मौके पर लौरिया विधायक विनय बिहारी, डॉ पूजा सिन्हा नेत्र विशेषज्ञ, डॉ मोहनीश कुमार सिन्हा जनरल एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ अनुराधा खेमका गाइनोकोलॉजिस्ट, भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी यादव, सविता सिंह भोजपुरी गायक, रंजन बिहारी भोजपुरी गायक, मोहन कुमार भोजपरी गायक सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं द्वारा वार्डन पर लगाया क्या गंभीर आरोप नाइट गार्ड को नशे की हालत में पुलिस ने लिया हिरासत में

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं द्वारा वॉर्डन की लापरवाही की शिकायत मिलने का मामला प्रकाश में आया है.जिसको गंभीरता से लेते हुए स्थानीय बीडीओ व प्रभारी बीईओ सह एलईओ की संयुक्त रूप से जांच में विधालय में वॉर्डन की लापरवाही समेत अन्य मामला उजागर हुआ है. मामला बगहा अनुमंडल क्षेत्र के ठकराहा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जांच शनिवार के दिन में शुरू हुई जिसमें अनियमितता उजागर होने पर करवाई की बात कही गई थी. सिलसिला यहीं नहीं रुका जांच का दायरा बढ़ता गया और रात्रि में पुनः एक बार फिर अधिकारियों की टीम पूरी तैयारी के साथ कस्तूरबा विद्यालय में पहुंचे जहां करीब 15 मिनट तक अधिकारी विद्यालय के गेट पर खड़े रहे. जब गेट खुला तो नाइट गाइड गार्ड शराब के नशे में धुत था. जिसे देख अधिकारी हैरान रह गए. तुरंत गार्ड को पुलिस के हवाले कर दिया गया. आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस जांच के क्रम में ड्यूटी से एक शिक्षिका भी अनुपस्थिति मिली और वार्डन की लापरवाही का मामला भी उजागर मिला जो छात्राओं द्वारा शिकायतों की गई थी, इस दौरान अधिकारी के जांच टीम द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए सूची तैयार किया गया है जो वरीय अधिकारियों को जांच से संबंधित रिपोर्ट भेजा जाएगा. वहीं ठकरहा थानाध्यक्ष जयनारायण राम ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के नाइट गार्ड तारकेश्वर तिवारी को शराब के नशे में मिला पुलिस हिरासत में लिया गया है, अभी जांच चल रहा है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### मोतिहारी: हरसिद्धि में ग्रामीण विकास कायी का आवास सर्वेक्षण के कार्य का निरीक्षण किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** दिनांक 02.3.25 को उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय के द्वारा हरसिद्धि प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण विकास के कार्यों में आवास सर्वेक्षण के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महादलित टोला में आवास लाभुकों से वार्ता किया गया। इसके पश्चात लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत पंचायत में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन किया गया, एवं प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन उसका पृथक्कीकरण एवं जैविक खाद निर्माण के लिए निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, हरसिद्धि को स्वच्छता पर्यवेक्षक के कार्यालय, शौचालय एवं ई रिक्शा के लिए चार्जिंग पॉइंट सुविधा के लिये निदेश दिया गया। यहां पर ग्रामीणों को हरा एवं नीला डस्टबीन के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया एवं छूटे हुए घरों में शौचालय निर्माण का कार्य आरंभ कराया गया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को छूटेहुए परिवारों के घर शौचालय निर्माण समय से करने का निदेश दिया गया। मनरेगा के अंतर्गत खेल मैदान हेतु ओलहा मेहता पंचायत में स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही तालाब का भी निरीक्षण किया गया। आज के निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के साथ निदेशक डीआरडीए, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रखंड समन्वयक, डीपीओ, पीओ मनरेगा उपस्थित थे।

### बगहा:पुलिस जिला के विभिन्न थानों द्वारा 06अभियुक्त गिरफ्तार,11 लीटर देशी चुलाई शराब तथा 01 मोटरसाईकिल बरामद।

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
पुलिस जिला बगहा में विगत 24 घंटा में 06 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है, कुल–23, वारंट का निष्पादन किया गया हैं, जिसमें जमानतीय 14 तथा अजमानतीय 09 हैं। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज ने रविवार को प्रेस रिलीज जारी करके दिया। उन्होंने बताया कि बगहा पुलिस जिले अंतर्गत धनहां थाना, नदी थाना, सेमरा थाना, भितहां थाना द्वारा शराब के काण्ड तथा अन्य काण्ड मामले में 06 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 11 लीटर देशी चुलाई शराब तथा 01 मोटरसाईकिल बरामद किया गया ।एसपी ने आगे बताया कि बगहा पुलिस द्वारा बीते शनिवार को अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया। जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा–27,000, सेमरा थाना द्वारा–15,000, रामनगर थाना द्वारा–13,500, भैरोगंज थाना द्वारा–9,000, नौरंगिया थाना द्वारा–8,000, पटखौली थाना द्वारा–6,000, लौकरिया थाना द्वारा–5,000 इस प्रकार कुल 83,500 रूपये का जुर्माना लगाया गया।पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देशानुसार अपराध की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु बगहा पुलिस द्वारा शाम में पेट्रोलिंग के क्रम में सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच की गई। अपराध की रोकथाम एवं विधि–व्यवस्था संधारण हेतु बीते रात्रि पेट्रोलिंग के क्रम में सभी चौक–चौराहे पर पुलिस प्रशासन मुस्तैदी थे।

## अपराध नियंत्रण और घटना का त्वरित खुलासा करने के लिए अरेराज डीएसपी रंजन कुमार को डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को डीआईजी एवं एसपी ने अपने हाथों भोजन परोसकर खिलाया**



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी में पुलिस सप्ताह समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डीआईजी और एसपी स्वर्ण प्रभात ने जिले के तेज तर्रार पुलिस पदाधिकारियों को न केवल सम्मानित किया बल्कि अपने हाथों से भोजन परोसकर खिलाया। जिन हाथों से उठे कलम से सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक का निलंबन होता है, उन्हीं हाथों ने अभिभावक की भूमिका निभाते हुए अपने हाथों से पुलिस पदाधिकारियों को भोजन परोसा. मोतिहारी पुलिस को इस बात का एहसास करवाया कि जिस प्रकार परिवार में गलती करने पर अभिभावक अपने बच्चों को डांटते हैं, अच्छे कार्य करने पर प्रोत्साहित करते हैं उसी तरह मोतिहारी पुलिस को इसी तरह डांट और प्यार डीआईजी, पुलिस अधीक्षक से मिल रही है. पुलिस सप्ताह के अंतिम दिन पुलिस लाइन के मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही सामूहिक भोज का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के अंत मे बेहतर काम करने वाले पुलिस को सम्मानित भी किया गया. अपराध नियंत्रण और घटना का तरंत खुलासा करने वाले अरेराज के डीएसपी रंजन कुमार को डीआईजी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही कांडों का त्वरित निष्पादन करने, रिपोर्टिंग से ज्यादा चार्जशीट कराने वाले थानेदारों और पुलिस पदाधिकारियों को भी न केवल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया बल्कि इन पदाधिकारियों को पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात और डीआजी ने इनके हौसला अफजाई करने के लिए कार्यक्रम के समाप्ति पर अपने हाथों भोजन परोसकर खिलाया. साथ ही कार्यक्रम में डीआजी ने कहा कि जो पुलिस कर्मी बेहतर कार्य करेंगे उन्हें पुरष्कृत किया जाता रहेगा. समय रहते कार्यों का निष्पादन नहीं करने वाले को दंडित भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जगदीशपुर युवक की बेंगलुरुमें मौत



जगदीशपुर/भोजपुर, बेंगलुरु के कल्याण नगर में मेट्रो निर्माण स्थल पर जगदीशपुर थाना के नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड 15 निवासी विक्की कुमार गोंड की मौत हो गई। वह नाइट ड्यूटी के दौरान कंस्ट्रक्शन कार्य में लगे थे, जब उन पर ब्रैकेट गिर गया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिवार वालों का रो–रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि विक्की कुमार गोंड मिलनसार थे और उनकी मौत से दुलौर गली में मातम पसरा हुआ है। वह लगभग 2 महीना पहले ही बेंगलुरु गए थे और 5 मार्च को वह घर आने वाले थे, लेकिन उनकी मौत की खबर सुनकर सभी लोग सदमे में हैं।

### विद्यार्थी की हत्या की जांच जारी

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंत।श्रीमदपुर गोपाली चक पंचायत के काली प्रसाद गांव में बीते गुरुवार को चौथी कक्षा के छात्र अंशु कुमार उम्र 10 वर्ष, पिता प्रदीप मंडल की हत्या के मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस हत्या का उद्भेदन किया जाएगा, हत्यारे जल्द ही गिरफ्तार किए जाएंगे ।इस मामले में अंशु की मां मीना देवी ने गांव के भोलू मंडल पर बेटे की हत्या करने आरोप लगाते हुए प्राथमिक दर्ज कराई है। बालक के परिजन सहित ग्रामीणों ने हत्या के निष्पक्ष जांच की मांग की है। थाना अध्यक्ष नीरज कुमार बताया कि वैज्ञानिक अनुसंधान पर साक्ष्य जुटाया जूता जा रहा है। जल्द ही इस हत्याकांड का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

### 4 मार्च को शहीद जुब्बा सहनी को शहादत दिवस के रूप में मनाया जाएगा,,, गौतम कुमार प्रीतम

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर,,,,, चार मार्च को दिन के करीब 11बजे से बहुजन चेतना केंद्र, बिहपुर थाना के नजदीक शहीद जुब्बा सहनी के शहादत को याद करने व न्यायपूर्ण समाज व लोकतंत्र के लिए संघर्षरत कथाशिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती पर विशाल जन–जुटान करना जा रहे हैं।कार्यक्रम को संबोधित करने मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ.अनील सहनी, बहुजन नायक अशोक महतो, लौका के राजद विधयक भारत भूषण मंडल, मुंगेर लोकसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी कुमारी अनीता रहेंगे।साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में राजद प्रवक्ता अरुण यादव, नौगछिया जिला प्रभारी चंदन चौधरी, प्रदेश महासचिव शैलेश कुमार रहेंगे।उक्त जानकारी राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने दी ।

### अवैध देसी पिस्टल सहित एक गिरफ्तार, भेजा जेल

खानपुर/समस्तीपुर



खानपुर पुलिस को दिवा गस्ती के दौरान मिली गुप्त सूचना पर क़ी गई काररवाई में अवैध देसी पिस्टल सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार, कर जेल भेजा गया। थाना कांड संख्या 47/25 दिनांक 2 मार्च 25 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त अभिनाश कुमार पिता स्व राजकुमार महतो ग्राम सिरौल थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को थानाक्षेत्र के भोलाटोल से अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर उचित मार्गरक्षी दल के साथ सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने वास्ते भेजा गया क़ी पुस्टि एसएचओ मनोजकुमार सिंह ने क़ी है।

# गया : जन सुराज युवा उद्घोष यात्रा का प्रथम चरण प्रारंभ, 21 जिलों के 111 विधानसभाओं के युवाओं को जन सुराज से जोड़ने का है अभियान – पूर्व IPS आनंद मिश्रा, प्रदेश युवा अध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज़

**इस यात्रा में 21 जिलों के 111 विधानसभा के युवाओं से संवाद स्थापित किया जाएगा**



**गया।** जन सुराज के प्रदेश युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा के नेतृत्व में ₹युवाओं की ज़िद है जन सुराज, हम बदलेंगे बिहार₹ के नारे के साथ आज ज्ञान की पावन भूमि गया में जन सुराज युवा उद्घोष यात्रा के प्रथम चरण की शुरुआत की गई है।युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि युवा उद्घोष यात्रा का उद्देश्य युवाओं को जन सुराज और राजनीति से जोड़ना है। इस यात्रा में 21 जिलों के 111 विधानसभा के युवाओं से संवाद स्थापित किया जाएगा। यात्रा दो चरणों में पूरी होगी। पहले चरण में मगध और शाहबाद प्रमंडल के युवाओं को जोड़ा जाएगा तथा दूसरे चरण में मुंगेर, कोसी, सीमांचल और बेगूसराय के युवाओं को राजनीति में लाने का प्रयास किया जाएगा। पहले चरण की शुरुआत 48 युवा सदस्यों की टीम के साथ गया से की जा रही है, जो 9 जिलों और करीब 59 विधानसभाओं में जाकर युवाओं को जन सुराज से जोड़ने का प्रयास करेंगे तथा दूसरे चरण की शुरुआत 5 मार्च को भागलपुर से की जाएगी। जन सुराज युवा उद्घोष यात्रा का समापन 11 अप्रैल को गांधी मैदान में आयोजित जन सुराज की बिहार परिवर्तन रैली के साथ होगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा,गया युवा जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, गुरुआ युवा प्रखंड अध्यक्ष राकेश सिंह, रामाधार सिंह, तज़्ज़मुल खान, वसीम नईयर, रामलखन डांगी, नगर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, अशोक पासवान, कुमार अभय, बी.डी शर्मा, पूर्व मुखिया कन्हैया कुमार बादल, अक्षय आनंद, चंदन सिंह, सुरज सिंह टेकारी, प्रो. दिनेश सिंह, प्रो. कुमार शांतनु, अमित विक्रम, आदि लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी निखिल गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मदनपुर मंदिर सौदीकरण का किया मांग





लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

2 मार्च दिन रविवार को समाजसेवी निखिल गुप्ता गोरखपुर से बगहा स्थित मां मदनपुर देवी मंदिर पहुंचे वहां उन्होंने दर्शन पूजन किया।निखिल गुप्ता ने मंदिर के आस पास की स्थिति को देखकर वहां के देख रेख में लगे जिम्मेदारों से मंदिर के सौंदीकरण की जानकारी ली जहां उनको अवगत कराया गया कि प्राचीन मंदिर की भव्यता व सुंदरता को लेकर अभी तक शासन स्तर से कोई भी कार्य नहीं कराया गया है जिसको संज्ञान लेते हुए उन्होंने तुरंत मुख्यमंत्री कार्यालय पर दूरभाष के माध्यम से इसकी जानकारी दिया.। निखिल ने प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री से यह मांग किया कि जल्द वर्षों पुराने इस विख्यात प्राचीन मां मदनपुर देवी मंदिर की सुंदरता के लिए शासन स्तर के सहयोग से वहां की व्यवस्था सुनिश्चित हो जिससे उस मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्राचीन मंदिर की शोभा बढ़ने के साथ आकर्षक का केंद्र बना रहे.!

## युवक की लगी गोली, पटना रेफर



लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/भोजपुर,** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवकी सिंह का टोला निवासी स्व.हरेंद्र सिंह का पुत्र विश्वजीत सिंह को गोली लगने की घटना सामने आई है। जख्मी युवक को गोली बाएं साइड सीने में लगी है, जो आरपार हो गई है। डिप्रेशन के कारण उसने खुद को गोली मार ली। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया, और फिर प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## रामपुर जलालपुर के ग्रामीणों द्वारा नगर परिषद दलसिंहसराय द्वारा कृषि योग्य भूमि पर लिए जाने वाले कर को नही जमा करने का लिया निर्णय

लोकतंत्र की आबाज




**दलसिंहसराय/समस्तीपुर।** रामपुर जलालपुर अवस्थित रामजानकी ठाकुरबाड़ी में नगर परिषद दलसिंहसराय द्वारा कृषि योग्य भूमि पर कर लेने के विरोध में आवश्यक बैठक निर्वतमान मुखिया सुमित भूषण चौधरी की अध्यक्षता में की गयी। जिसमे नगर परिषद के सशक्त समिति द्वारा पारित प्रस्ताव संख्या 37इ का 1 ओर 2, दिनांक 20/7/2024 द्वारा निर्धारित की गई भूमि जिसमे प्रधान सड़क, मुख्य सड़क, अन्य सड़क किनारे अवस्थित कृषि योग्य भूमि से भिन्न भिन्न दरों से लेने वाली कर पर विचार किया गया। साथ ही कर नही जमा करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कुणाल भूषण चौधरी ने नगर परिषद द्वारा पूर्व में लिए गए प्रस्ताव पर पुनः एक बार विचार कर नगर विकास विभाग से मार्गदर्शन की मांग की बात की गई। साथ ही इस मुद्दा पर विचार करते हुए उच्च न्यायालय के शरण मे जाने की भी बात हुई। बैठक में वालेन्दु शेखर, कृष्ण कुमार कुंदन, आयुष कुमार, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, रामशंकर चौधरी, बलराम पंडित, कृष्ण मुरारी चौधरी, विजय कुमार चौधरी, अरबिन्द चौधरी, ज्योति सिंह, टुनटुन महतो, वकील दास, सोहन साह, रामकृष्ण महतो, दीपक दास, अमित पासवान व विभिन्न वार्ड के वार्ड पार्षद और काफी सँख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## चलती ट्रेन के चपेट में आने से eak4 यात्री की मौत, घर में छाया मातम

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** जिले के सिंघिया घाट स्थित रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ने के दौरान एक यात्री की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के उत्तर पंचायत के तहत कापन गांव निवासी शंकर महतो पिता जागेश्वर महतो उर्फ भट्ठू महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक शंकर महतो आज अपने घर से अंगार घाट स्टेशन आया और चलती ट्रेन में चढ़ने लगा जहां उसका पैर फिसल गया और वह पटरी पर गिर गया तथा ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इधर जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। इधर जानकारी मिलने पर जीआरपी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। इधर शंकर महतो की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया, सभी का रो रोकर हाल बुरा बना हुआ है।

## बेनीबाद दसेवानिवृत्त चौकीदारों को दी गई भावभीनी विदाई

लोकतंत्र की आवाज



दीपक कुमार

**बेनीबाद** थाना परिसर में रविवार को एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त चौकीदार रामसागर पासवान को भावभीनी विदाई दी गई। माला, अंग वस्त्र व उपहार सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर बेनीबाद थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि रामसागर पासवान चौकीदार बेनीबाद थाना में लंबे समय तक सेवा दी है। साथ ही मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्ति हैं। कहा कि चौकीदारों को ग्रामीण पुलिस कहा जाता है, इसलिए ग्रामीण स्तर पर सबसे पहले पुलिस की भूमिका में चौकीदार ही होते हैं जिससे हर तरह की सूचना प्राप्त होती है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि नौकरी पेशा में सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है, जिससे प्रत्येक सरकारी सेवक को गुजारना पड़ता है। मौके पर चौकीदार रामसागर पासवान ने कहा कि अपने कार्यकाल में थाना परिवार व आम लोगों का अपार स्नेह मिला है, ईमानदारी पूर्वक अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया। अगर कभी भी थाने को हमारी जरूरत हुई काम से पीछे नहीं हटेंगे। मौक पर अपर थानाध्यक्ष रघुनाथ पासवान, सड्ट अड्ट निड्ट सुधीर कुमार झा, सड्टअड्टनिड्ट मनिष कुमार, दफादार चौकीदार जिलासचिव–अशोक कुमार, चौकीदार रामविलास पासवान, चौकीदार विजय पासवान, चौकीदार अजीत कुमार, चौकीदार गुलटेन कुमार, चौकीदार मोहन पासवान, चौकीदार विनोद कुमार राय आदि उपस्थित थे।

## शिवदाहा; सेवानिवृत शिक्षक के निधन पर शोक की लहर नहीं रहे सेवा निवृत शिक्षक राम दरस राय उर्फ दरोगा राय, ली अंतिम सांस



लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

**गायघाट ।** प्रखंड के शिवदाहा तिरसठ निवासी सेवानिवृत शिक्षक राम दरस राय उर्फ दरोगा राय का निधन रविवार को हो गया। वे कुछ लंबे से बीमार चल रहे थे।उनके निधन की खबर सुनकर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।वे मुजफ्फरपुर जिले में शिक्षक के पदों पर अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं कर्मठता से कर चुके थे।उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।जानकारी देते हुए उनके भतीजे पंसस पति विजय राय ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार कल गांव के श्मशान घाट पर किया जाएगा।

## बदलो सरकार बचाओ बिहार सीपीएम बैठक मुक्तापुर पंचायत भवन पर लाला प्रसाद के अध्यक्षता में शाह जफर इमाम के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमिटी कल्याणपुर – वारिसनगर का बैठक मुक्तापुर पंचायत भवन पर लाला प्रसाद के अध्यक्षता में शाह जफर इमाम के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए अंचल मंत्री राघवेंद्र यादव ने पार्टी के कई जोरदार संघर्ष का चर्चा किया। उन्होंने कहा पिछले दिनों शोषण जुर्म और अत्याचार के खिलाफ गरीब–गुरबा शोषित–पीड़ति के हक के लिए कल्याणपुर व वारिसनगर के क्षेत्र में जोरदार संघर्ष चलाया गया है। जिससे पार्टी का विकास तेजी से हुआ है। आगामी 20 मार्च को जिला मुख्यालय समस्तीपुर में सीपीआई और सीपीएम के संयुक्त विशाल प्रदर्शन का युद्ध स्तर पर तैयारी का निर्णय लिया गया है। जिसमें जनता का मुख्य सवाल 200 यूनिट बिजली फ्री, किसानों का कर्ज माफ, नौजवानों को रोजगार, बढ़ते अपराध पर लगाम, हत्या बलात्कार लूट और सामाजिक अन्याय के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन किया जाएगा। सभी लोगों ने मिलकर यह फैसला लिया कि लगभग 10000 की संख्या में लोगों के प्रदर्शन में कल्याणपुर वारिसनगर से भी 1000 लोग भाग लेंगे। साथ ही पार्टी के द्वारा टोला–मोहल्ला में जाकर लोगों के बीच मीटिंग करके सरकार की नाकामी को बताना है। आगामी आने वाला विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार को जनता के वोट से उखाड़ फेंकने की तैयारी करना है।बैठक में नवीकरण पर फैसला लिया गया कि आगामी 10 मार्च तक सभी सदस्य का नवीकरण कर जिला केंद्र को जमा कर दिया जाय। बैठक में राघवेंद्र यादव,सुरेंद्र पासवान, शिवनाथ महतो, शिवकुमार गुप्ता, मो जहांगीर इत्यादि लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पतरघटः बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों की समान जलकर राख



लोकतंत्र की आवाज
पतरघट सहरसा संवादाता ।पस्तपार थाना क्षेत्र के पामा पंचायत स्थित सिरहा वार्ड 01 में गुरुवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लाखों रुपये की सम्पत्ति जलकर बर्बाद हुआ। आग लगने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी तत्परता से करीब एक घंटा बाद आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से आग लगने से सोनी देवी पति हरेराम मेहता की किराना दुकान, विकास कुमार का श्रृंगार दुकान में रखा सामान जलकर राख हुआ। सोनी देवी, विकास कुमार के अलावे राजेंद्र मेहता पिता मदन मेहता, धर्मवीर कुमार पिता नवल किशोर मेहता के घर को भी अपने चपेट में ले रखा। घटना कि सूचना पर पस्तपार थाना से सअनि जितेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर जानकारी लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में दो थाना है लेकिन एक भी फायर ब्रिगेड की टीम नहीं है। अग्निशमन बाहर नहीं रहने के कारण से क्षेत्र में आग लगी जैसी घटना पर काबू नहीं पाया जा सकता है। नहीं तो नुकसान और अधिक हो सकता है. हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. पीड़ति गृहस्वामी ने सीओ एवं थाना अध्यक्ष को आवेदन देते सरकारी स्तर से सहयोग की मांग किया है।

### विभागीय आदेश के वावजूद डीलरों को नही मिलता है बोड़ी वजन खाद्यान्न



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। जिले के सभी प्रखंडों में टीपीडीएस गोदामों से जनवितरण प्रणाली दुकान तक शत प्रतिशत खाद्यान्न उपलब्ध करवाने हेतु जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में निदेश जारी किया है। जानकारी हो कि जनवितरण दुकान पर पहुँचने वाले खाद्यान्न की बोड़ी का वजन भी लगभग 580 ग्राम होता है। टीपीडीएस गोदाम पर डीलरों को चावल अथवा गेहूं दिया जाता है लेकिन बोड़ी वजन का खाद्यान्न सहायक प्रबंधक द्वारा खास कर कहरा टीपीडीएस, सौरबाजार टीपीडीएस, पतरघट टीपीडीएस, सोनवर्षा टीपीडीएस आदि गोदामों पर गबन कर लिया जाता है। उप महाप्रबंधक जन वितरण से प्राप्त सूचना अधिकार से सूचना पत्रांक 2664 के अनुसार बोरा का वजन 580 ग्राम होता है। जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकान पर एस०आई०ओ० के अनुरूप आवंटित खाद्यान्न की मात्रा का वजन कर डोर स्टेप डिलेवरी के माध्यम से खाद्यान्न मुहैया कराया जाता है एवं सही माप का प्रमाण पत्र जन वितरण प्रणाली विक्रेता से प्राप्त किया जाता है। भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त होने वाला खाद्यान्न का वजन बोरा के साथ कराया जाता है एवं बोरा का वजन अलग से किया जाता है। खाद्यान्न की प्राप्ति वास्तविक वजन नेट वेट के आधार पर प्राप्त किया जाता है।

### पैक्स गोदाम में हुए चोरी के मामले में दो चोर गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
पतरघट सहरसा संवादाता ।पतरघट थाना क्षेत्र के धबौली दक्षिणी स्थित निर्माणाधीन पैक्स गोदाम में हुई चोरी के मामले में पतरघट को चोरी का सामान बरामदगी सहित दो आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हाथ लगी है। थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि बीते 22 फरवरी की रात धबौली दक्षिणी पंचायत के निर्माणाधीन पैक्स गोदाम में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना में पैक्स अध्यक्ष द्वारा आवेदन दिये जाने पर रिपोर्ट दर्ज किया गया था। उनके नेतृत्व में एएसआई विष्णुदेव कुमार मोदी द्वारा गुरुवार को पस्तपार थाना क्षेत्र के धबौली पूर्वी पंचायत स्थित केशवपुर निवासी राकेश कुमार पिता नवेश राम को गिरफ्तार करते उनके घर से चोरी गया सामान में एक चापाकल, एक पानी वाला मोटर, राज्य मिस्त्री का 8 करणी, एक पट्टा, दो रूसा, चार कुदाल, एक हथौड़ा बरामद किया गया। आरोपी राकेश कुमार को गिरफ्तार करते एक विधिविरुद्ध बालक को निरूद्ध किया। जिसे न्यायालय भेजा गया। थाना अध्यक्ष ने कहा चोरी की घटना में संलिप्त अन्य चोरों की पहचान कर ली गई है।

### जन सुराज के कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न जगहों पर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया



लोकतंत्र की आवाज
चन्दन कुमार पासवान
सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा ।अनुमंडल क्षेत्र के सलखुआ प्रखंड अंतर्गत उटेशरा, गोरियारी, हरेबा, खजुराहा सहित अन्य जगहों पर जन सुराज के द्वारा संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। वहीं जिला के मुख्य प्रवक्ता पियुष प्रसाद ने कहा कि होली से पहले जन सुराज की टीम जीत की होली खेल रही है। जन संवाद कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकर्ता घर घर जा कर लोगों से मिल रहे हैं और अपनी पार्टी का प्रचार जोर शोर से कर रहे हैं। मुख्य प्रवक्ता पीयूष प्रसाद ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोश खड़ोश के साथ लोगों से मिल जुल रहे हैं। चुनावी मोड में पार्टी कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। हम सब की कोशिश है कि प्रशांत किशोर की सोच को हर घर पहुंचाया जाए। इसी क्रम में आज जिला में करीब 25 अलग–अलग जगहों पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए हमारा प्रयास है कि पार्टी की विचार ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि ये होली बतौर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आखिरी होली होगी। इस होली में पूरा बिहार पियरका रंग में रंग जाएगा। सिमरी बख्तियारपुर के गोरदह, गोरियारी और उटेसरा में अलग अलग जगहों पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता शमीम अनवर, सोहन झा, इंदरदेव यादव, आसिफ आलम, यापुरा आदि शामिल थे।

# आखिर किस परिस्थिति में बृहद आश्रय गृह से सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद बच्चें भागने में सफल हो जाते हैं

लोकतंत्र की आवाज

**कटिहार।** बृहद आश्रय गृह कटिहार में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे एवं बच्चियों को सरकारी स्तर पर रखने की व्यवस्था की गई है। बृहद आश्रय गृह कटिहार का निर्माण बिहार राज भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री आश्रय विकास योजना के तहत किया गया है। उक्त भवन का निर्माण 5 एकड़ भूमि में किया गया है। जिसमें बालगृह के लिए एक भवन, बालिका गृह के लिए एक भवन,एक प्रशासनिक भवन पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए आवास, गार्ड कक्ष का निर्माण एक ही परिसर में किया गया है। संकटग्रस्त बच्चों को एक ही स्थल पर आवश्यक शिक्षण, प्रशिक्षण, चिकित्सा, पुनर्वास की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वृहद आश्रय गृह की स्थापना की गई है। इस गृह में सभी आधारभूत सेवाओं को समय उपलब्ध कराया जाता है। ताकि वृहद आश्रय गृह का संचालन पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण प्रभावित तरीके से किया जा सके। बालिका गृह के भवन में 50– 50 क्षमता की दो यूनिट में निर्मित है। प्रत्येक यूनिट में बच्चों के अवसान के लिए प्रत्येक तल पर आसान क्षमता के तीन डॉरमेट्री सहित कुल 9 डॉरमेट्री बने हुए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक तल पर 3 शौचालय एवं तीन बाथरूम बड़ा बने हुए हैं।

प्रत्येक यूनिट के भूतल पर रसोईघर एवं भोजनालय की व्यवस्था है।भवन के प्रथम तल पर बच्चों के मनोरंजन हेतु एक बड़ा हाल की भी व्यवस्था है।बालिका गृह भवन के चारों तरफ पृथक चारदीवारी निर्मित है।इस परिसर में बच्चों के खेलने कूदने एवं अन्य गतिविधि हेतु पर्याप्त खाली जगह उपलब्ध है। बालिका गृह के प्रवेश निकास द्वार के निकट गार्ड की ड्यूटी हेतु गार्ड कक्ष बनाया हुआ है। जिसमें 1–5 का महिला सुरक्षा बल प्रति नियुक्त है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से यूनिट– वन में कुल 17 सीसीटीवी कैमरा एवं यूनिट 2 में कुल 9 सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है।इसी प्रकार बालगृह के भवन में 50– 50 अवसान क्षमता के दो यूनिट में निर्मित है। प्रत्येक यूनिट में बच्चों का अवसान के लिए प्रत्येक तल पर आसान क्षमता के तीन डॉरमेट्रीसहित कुल नौ डॉरमेट्री बने हुए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक तल पर 3 शौचालय एवं तीन बाथरूम बड़ा बने हुए हैं। प्रत्येक यूनिट के भूतल पर रसोई घर एवं भोजनालय की व्यवस्था किया गया है। भवन के प्रथम तल पर बच्चों के मनोरंजन हेतु एक बड़ा हॉल की भी व्यवस्था है। बाल गृह भवन



के चारों तरफ पृथक चार दिवारी निर्मित है। इस परिसर में बच्चों को खेलने कूदने एवं अन्य गतिविधि हेतु पर्याप्त खाली जगह उपलब्ध है। बालगृह के प्रवेश निकास द्वार के निकट गार्ड की ड्यूटी हेतु गार्ड कक्षा बना हुआ है।जिसमें एक – चार सुरक्षा बल प्रतिनियुक्ति है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से यूनिट वन में कुल 12 सीसी टीवी कैमरा एवं यूनिट 2 में कुल 21 सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है। बृहद आश्रय गृह परिसर में पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के रहने के लिए तीन श्रेणी का आवास का निर्माण किया गया है। श्रेणी ए, श्रेणी भबी, एवं श्रेणी सी है।

बृहद आश्रय गृह में विद्युत आपूर्ति हेतुउच्च क्षमता के कनेक्शन लिया गया है। दो ट्रांसफार्मर स्थापित है। साथ ही विद्युत आपूर्ति का वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 400 केवीए का एक जनरेटर स्थापित है। परिसर में रात्रि के समय प्रकाश की समुचित व्यवस्था हेतु 68 स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं। एवं सभी भवन के ऊपर फूड लाइट भी लगाए गए हैं। जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था हेतु सभी भवनों में समरसेबल मोटर पंप स्थापित है। इसके अलावा प्रत्येक गृह के लिए एक–एक चापाकल भी अधिक स्थापित किया गया है। परिसर के बीच में बच्चों के खेलकूद एवं अन्य कार्यक्रम आयोजन होती एक बड़ा मैदान उपलब्ध है। प्रत्येक यूनिट में 10–10 कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें प्रत्येक गृह में सुपरिंटेंडेंट, काउंसलर, अकाउंटेंट, हाउस मदर, हाउस फादर, पारा मेडिकल, केयरटेकर, कुक, हेल्पर, स्वीपर की प्रतिनिधि की गई है। अधिकांश कर्मचारी बृहद आश्रय गृह परिसर में निर्मित क्वार्टर में निवास करते हैं।इसके अलावे बाल संरक्षण पदाधिकारी भी परिसर में निवास करते हैं। बाल संरक्षण इकाई में सहायक निदेशक, बाल संरक्षण पदाधिकारी, सुपरिंटेंडेंट, अकाउंटेंट, लीगल कम प्रोफेशनल अफसर, काउंसलर, सोशल वर्कर, डाटा एनालिसिस, आउट रीच वर्कर, पियून कम नाइट गार्ड की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी का कार्य बच्चों के सर्वोत्तम हित के निमित्त कार्य है। लेकिन सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी अपने–अपने दायित्व का अगर शत प्रतिशत पालन करें, तो बच्चों का देखरेख एवं संरक्षण बेहतर हो सकता है। लेकिन आखिर किस परिस्थिति में बृहद आश्रय गृह से बालक हो या बालिका इतनी सुरक्षा व्यवस्था रहने के बावजूद भी भागने में सफल हो जाते हैं। यह एक अनुसंधान का विषय है। जबकि प्रत्येक बाल गृह में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किया गया है। जगह–जगह दरवाजे ग्रील गेट लगाए गए हैं।

सूत्र बताते हैं कि बृहद आश्रय गृह परिसर में बाल गृह हो या बालिका गृह सभी नियमों का पालन अक्षर से नहीं हो रहा है। ऐसे में बच्चें प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में समय–समय पर बच्चे या बच्चियों का काउंसलिंग होनी चाहिए। मैनेजमेंट कमेटी की नियमित रूप से बैठक होनी चाहिये, बच्चों को समय–समय पर भ्रमण करनी चाहिए, बच्चों को बेहतर जीवन यापन कर सके। बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए।इसके लिए सभी को अपने–अपने उत्तरदाई का निर्वाह करना चाहिए।

सूत्र बताते हैं कि दिसंबर 2023 से बाल कल्याण समिति संपूर्ण बिहार में भंग कर दी गई है। जिसके कारण प्रशासनिक पदाधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। लेकिन बाल कल्याण समिति के प्रभारी पदाधिकारी के द्वारा बालगृह एवं बालिका गृह में रहने वाले बच्चों से समय–समय पर मिलकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान करना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जिसके कारण बच्चे अपनी बात किस कहे यह कोई सुनने वाला नहीं है। जिसके कारण एक ही स्थान पर बच्चे या बच्चा रहते– रहते मानसिक रूप से तंग हो जाते हैं। यहां तक की बाल संरक्षण विभाग के पदाधिकारी को भी समय–समय पर बच्चों बच्ची से मिलकर उनकी बात को सुनकर समाधान करना चाहिए। ताकि बच्चे को भी लगे कि मेरी भी बात सुनने वाला कोई है? लेकिन इस तरह का माहौल नहीं मिल पा रहा है। बाल कल्याण समिति कार्यालय में मात्र एक कंप्यूटर ऑपरेटर है। उन्हीं के भरोसे कार्य का संचालन किया जा रहा है। वह अपने हिसाब से कार्यालय का संचालन करते हैं। जिसके कारण बच्चे प्रभावित होते हैं। जबकि बच्चों के क्षेत्र में सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को 24 * 7 के आधार पर कार्य करने का नियम है।लेकिन कार्यालय अवधि में ही केवल कार्य होते हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि बाल कल्याण समिति में कोई भी व्यक्ति या स्वयं बच्चा किसी भी समय उपस्थित हो सकता है। लेकिन यहां केवल कार्यालय अवधि में ही कार्य होता हैं। जिसके कारण बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। इस दिशा में भी विभागीय अधिकारी को सजग एवं सजेस्ट होने की आवश्यकता है ताकि बच्चे प्रभावित न हो सके।

## यू आर कॉलेज रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की मां चंद्रकला देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



लोक तंत्र कीआवाज

**बहेड़ी।** यू आर कॉलेज रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय की मां, स्व. चंद्रकला देवी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके पैतृक गांव बहेड़ी (दरभंगा) स्थित निर्माणाधीन आवास पर किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में डॉ. घनश्याम राय और उनके परिवार ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

स्व. चंद्रकला देवी का निधन 2 मार्च 2024 को 82 वर्ष की आयु में पूर्णिया में हुआ था, जहां वे अपने पुत्र (तत्कालीन कुलसचिव पूर्णियां विश्वविद्यालय पूर्णियां) डॉ. घनश्याम राय के साथ अंतिम समय तक रहीं। उनके निधन के बाद कटिहार के मनिहारी घाट पर दाह संस्कार किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. राय ने बताया कि वे कभी भी अंधविश्वास, कर्मकांड और मृत्युभोज जैसी प्रथाओं के समर्थक नहीं रहे, लेकिन उन्होंने अपनी मां और परिवार के अन्य सदस्य की यादों को संजोकर रखने को एक कृतज्ञता का प्रतीक माना। सभा में परिजनों और स्थानीय जनों ने स्व. चंद्रकला देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया और उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. राय ने इस अवसर पर अपनी मां की यादों और उनके जीवन के प्रेरणादायक पहलुओं को साझा करते हुए सभी को जीवन के महत्व और अच्छे कार्यों को याद रखने की प्रेरणा दी।

## कोशी एग्रो फॉर्म मशरूम की खेती के लिए किसानों को दे रहा प्रशिक्षण

लोकतंत्र की आवाज




**सहरसा संवादाता।** प्रमंडल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता 2024–25 में कई किसानों ने अपनी––अपनी प्रदर्शनी लगाई। इसमे शामिल किसानों के उत्कृष्ट प्रदर्श को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें सब्जी, फल, फूल, मसाला , माखन, शहद, औषधीय पौधा वर्मी कंपोस्ट सहित मशरूम का भी स्टॉल लगाया गया।

इस प्रदर्शनी में सब से खास बात ये दिखी की कोसी के इलाके में ऑयस्टर मशरूम की खेती तो कर लेते है लेकिन बाजार नहीं मिलता था लेकिन अब कोशी एग्रो फॉर्म के द्वारा मशरूम से कई तरह का व्यंजन बनाकर कैफे में बेचकर लोगों के बीच मशरूम की लोकप्रियता बना रहे है। वहीं कोशी एग्रो फॉर्म के द्वारा मशरूम किसान से ऑयस्टर मशरूम लेकर उसे ड्राय कर बाहर भेज रहीं है। इस प्रक्रिया से अब मशरूम किसान को बेचने की चिंता नहीं करनी है। कोई भी मशरूम किसान कोशी एग्रो फॉर्म से सम्पर्क कर अपना मशरूम बेच सकतें है।

इस संस्था में मो अजहर उद्दीन, राहुल गौरव, संदीप केशरी और मोहम्मद समीम अंसारी मशरूम के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहें है। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन के लिए संस्था द्वारा किसानों को सभी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। जिसके कारण बड़ी संख्या में मशरूम की खेती करने के लिए लोगों में जागरूकता बढी है। वही मशरूम उत्पादन के द्वारा किसान अपनी आय को बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि अब मशरूम से बिस्किट एवं अन्य पौष्टिक चीजों का निर्माण भी किया जा रहा है। जिसकी बाजार में अच्छी डिमांड है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद थें।

# बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जयंती हेतु बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ, सहरसा के द्वारा आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जयंती की समीक्षा बैठक श्री मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में अम्बेडकर पुस्तकालय, सुपर बाजार सहरसा में आयोजित किया गया।



**जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया**

(1)9 फरवरी 2025 नवनीत कुमार के द्वारा संघ के सचिव श्री बिनोद कुमार विगत क ई बैठक में अनुपस्थित रहें सदस्यों से विशेष आग्रह करने पर मर्यादित टिप्पणी करने के कारण सदस्यता रद्द करने का निर्णय सर्वसम्मति लिया गया।

(2) आये दिन अम्बेडकर पुस्तकालय, सुपर बाजार, सहरसा में चोरी की घटना होता रहा हैं। जिस कारण पुलिस अधीक्षक, सहरसा को अम्बेडकर पुस्तकालय की निगरानी हेतु सी सी टीवी कैमरा लगाने का अनुरोध संघ के अध्यक्ष, सचिव के द्वारा किया जाए।

(3) भारत बंद आन्दोलन में रेल रोको अभियान के तहत नामित मुदालह के स्थायी जमानत हेतु संघ के द्वारा सहयोग किया जाय। जिसमें संघ के निम्नांकित पदाधिकारियों/सदस्यों बिनोद कुमार राम, सचिव, मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष, विवेक कुमार विभाकर, संयुक्त सचिव, चन्दन ठकुमार पासवान, मिडिया प्रभारी व जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद, सहरसा, अमित आनंद, अंकेक्षक, संजय रजक, मिडिया प्रभारी 2, मुकेश कुमार पासवान आदि सैकड़ो पदाधिकारियों/सदस्यों ने भाग लिया।

## रोजा इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है, जहन्नम की आग से निजात दिलाने वाला महिना रमजान रविवार से शुरू



लोकतंत्र की आवाज

**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा ।** रविवार से माह ए रमजान शुरू होते ही फलों की दुकानों पर खरीदारी शुरू। रहमत, गुनाहों से मगफिरत एवं जहन्नम की आग से निजात दिलाने वाला महीना रमजान रविवार से शुरू हो रहा है। यह महीना सभी मुसलमानों के लिए बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। रमजान इस्लामी कैलेण्डर का नवां महीना है। इसे माह–ए–रमजान भी कहा जाता है। रमजान के महीने में रोजे (व्रत) रखना, रात में ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज पढ़ना और कुरान तिलावत करना शामिल है।

मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और सूरज निकलने के निर्धारित अवधि से लेकर डूबने तक कुछ नहीं खाते पीते हैं। साथ में महीने भर इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। रोजा इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। हर दिन की नमाज के अलावा रमजान में रात के वक्त सभी मस्जिदों में एक विशेष नमाज भी पढ़ी जाती है, जिसे तरावीह कहते हैं। रमजान के दौरान रोजा रखने के नियमः रोजा रखने का मतलब सिर्फ भूखे–प्यासे रहना नहीं है, बल्कि आंख, कान और जीभ का भी रोजा रखा जाता है। यानि न बुरा देखें, न बुरा सुनें और न ही बुरा कहें। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि आपके द्वारा बोली गई बातों से किसी की भावनाओं पर ठेंस न पहुंचे। रमजान के महीने में कुरान पढ़ने का अलग ही महत्व होता है।

सभी की दुआएं कुबूल करते हैं। अल्लाह इस्लाम में बताया गया है कि रोजा रखने से अल्लाह खुश होते हैं और सभी दुआएं कुबूल करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस महीने की गई इबादत का फल बाकी महीनों के मुकाबले 70 गुना अधिक मिलता है।मां बाप की नाफरमानी करने वाला,शराब पीने वाला,समाज और रिश्तेदारों को बांटने वाला एवं दिल में किसी के प्रति बुराई की सोच रखने वाले की कोई इबादत कबूल तब तक नहीं होती जब तक वह सच्चे दिल से ऐसा दुबारा नहीं करने का वचन न ले।चांद के दिखने के बाद से ही मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह के समय सहरी खाकर इबादतों का सिलसिला शुरू कर देते हैं।

क्या कहते है इमाम संघ के जिला अध्यक्ष :–इमाम संघ के जिला अध्यक्ष मौलाना मुमताज रहमानी कहते है।रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का होता है। यही कारण है कि



मुस्लिमानो को चाहिए पूरा महीना इबादत में गुजारे।पांच वक्ता नमाज के साथ–साथ कसरत से कुरान का तिलावत करे। गुनाहों से दिल से सच्ची तौबा कर अल्लाह का तक्व प्राप्त करे।कहा रमजान का यह महीना तीन भागों में बंटा होता है। अर्थात यह कि एक से लेकर दस दिनों तक रहमत का अशरा होता है, तो ग्यारह से लेकर बीस तक मगफिरत का और इक्कीस से लेकर तीस तक जहन्नुम के आग से निजात का अशरा होता है। रमजान में इबादत का काफी महत्व होता है। यही कारण है कि लोग इबादत के साथ–साथ जकात भी निकालते हैं। जकात का अर्थ होता है जमा पूंजी का दो या ढाई प्रतिशत गरीबों में दान करना। इस पाक महीने में लोग खान–पान से लेकर हर चीज का बेहद अच्छे से ध्यान रखते हैं।

# बेनीपुर के लिये सौभाग्य की बात है कि उनका विधायक हैं एक योग्य शिक्षक प्रो. विनय कुमार चौधरीः शिक्षा मंत्री सुनील कुमार

लोक तंत्र कीआवाज

**बहेड़ी।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने रविवार को बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के बिलट महथा आदर्श महाविद्यालय, बहेड़ी में आयोजित आभार सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बेनीपुर क्षेत्र के लिए यह सौभाग्य की बात है कि उनके विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी एक योग्य शिक्षक हैं। मंत्री ने कहा कि प्रो. चौधरी ने हमेशा शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए अथक प्रयास किए हैं और इस महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को अनिवार्य करने के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

शिक्षा मंत्री ने बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शिक्षा नीति की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट मानना है कि जब तक बिहार शिक्षित नहीं होगा, तब तक विकसित बिहार की कल्पना नहीं की जा सकती। इसके लिए मुख्यमंत्री ने बजट में 70 हजार करोड़ का प्रावधान किया है, जो आज बिहारवासियों को बेहतर शिक्षा के रूप में देखने को मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यकाल में बिहार की साक्षरता दर 23 प्रतिशत से बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई है, जो आज बिहार को एक मिसाल के रूप में प्रस्तुत करती है। मंत्री ने महिला शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि एक शिक्षित महिला पूरे परिवार और समाज को शिक्षित कर सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि महिला शिक्षा के बिना न तो समाज का विकास संभव है और न ही राज्य और देश का। शिक्षा मंत्री ने भविष्य में शिक्षा के स्तर को और भी ऊँचा करने के लिए ए.आई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की चुनौती का सामना करने की आवश्यकता पर भी बात की। उन्होंने मॉक लैब्स और व्यावसायिक शिक्षा की अहमियत को स्वीकार करते हुए कहा कि व्यावसायिक शिक्षा से ही युवा पीढ़ी का स्किल डेवलप हो सकता है, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने भी महाविद्यालय में चारों संकायों की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्नातकोत्तर की सभी विषयों में पढ़ाई को अनिवार्य करने की दिशा में महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने सकारात्मक प्रयास किए हैं।



इस अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, शिक्षा मंत्री और अन्य शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे बिहार के शिक्षा स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए अपने सहयोग की पेशकश करें।इस समारोह में शिक्षा शास्त्र के प्रो. अशोक कुमार त्रिवेदी, एम.के. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मो. रहमतुल्लाह, यू.आर. कॉलेज रोसड़ा के प्राचार्य प्रो. घनश्याम राय, प्रभारी प्राचार्य डॉ. शमशाद अख्तर, जदयू के जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल, वरिष्ठ नेता गंगा प्रसाद सिंह, भाजपा नेता विजय कुमार सिंह और अन्य शिक्षाविद एवं नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. आदित्य नारायण चौधरी उर्फ मन्ना ने किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

## हजारीबाग के दारूप्रखंड सह अंचल कार्यालय में विना चढावे का नही होता ग्रामीणों का काम

लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड) दारू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अंचलाधिकारी राम बालक कुमार इन दिनों बड़े चर्चे में है राम बालक कुमार ने जब से दारू अंचलाधिकारी का पदभार संभाला है तब से लेकर आज तक दारू प्रखंड छेत्र के एक भी फरियादी राजस्व उप निरीक्षक रागिणी कच्छप,व, राम बालक कुमार अंचलाधिकार के छूब्द कार्यशैली व भ्रष्ट कार्य–प्रणाली से त्रस्त हैं ?आक्रोशित है ? ठीक उसी प्रकार ग्राम–पेटो, पो0–हरली, थाना दारू निवासी बुजुर्ग लखन प्रसाद ने उपायुक्त हजारीबाग व भू राजस्व मंत्री झारखंड सरकार से यह गुहार लगाई हैं कि उन्हें विगत तीन सालों से दौड़ाया जा रहा हैं ? महज 23 डी0 अपनी भूमी की दाखिल खारिज कराने के लिए राजस्व उप–निरीक्षक रागिणी कच्छप द्वारा 50 हजार रुपये की मांग कर एडवांस में 10 हजार रुपय भी लिए गए उसके बावजूद म्यूटेशन रिजेक्ट कर दिया गया इस बात पर एक बड़ी पुराणी कहावत हैं ।सईयां भए कोतवाल तो अब डर काहे का ,कहानी साफ है लखन प्रसाद को 23 डी0 भूमी टायटल शुर्ट से हासिल हुई लखन प्रसाद ने कोर्ट का आदेश की कॉपी भी लगाई फिर भी अंचलाधिकारी राम बालक कुमार ने एक न सुनी अंचलाधिकारी महोदय दारू ने खुद को बतलाया कोर्ट आदेश से भी ऊपर दारू अंचल–कार्यालय में बिना चढ़ावा लिए एक भी करवापाना संभव नहीं है ।

## हजारीबाग: स्वामी विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए विधायक अमित कुमार यादव





लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो में संचालित प्लस टू स्वामी विवेकानंद सेंट्रल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए माननीय विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह विद्यालय बच्चों का भविष्य गढ़ रहा है। विधायक ने शिक्षकों से बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने की बात कही। साथ ही विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न कलाओं के प्रतिभागी बच्चो को शुभकामनाएं दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के निदेशक विजय प्रसाद , निलू रानी एवं समस्त विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

# वर्ष 2025 का 28 फरवरी यानी नीले नीले अंबर पर ग्रहों की परेड

लोकतंत्र की आवाज




**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** अगर आपको आसमान में दूसरे ग्रहों को देखना पसंद है तो आपके लिए साल 2025 बेहद शानदार रहा होगा. दरअसल, इस साल आसमान में लगातार ग्रहों की परेड देखने को मिल रही है. यह बेहद दुर्लभ प्लेनेटरी परेड है. इस अद्भूत एस्ट्रोनोमिकल इवेंट की शुरुआत 21 जनवरी 2025 से हुई थी और अब 28 फरवरी 2025 को इसका पीक टाइम आने वाला है. ग्रहों की यह ऐतिहासिक घटना खास इसलिए है क्योंकि यह 2040 तक दोबारा नहीं होगी.21 जनवरी 2025 से लगातार आसमान में कई ग्रहों की परेड देखने को मिल रही है. हालांकि, शुरुआत में चार और फिर छः ग्रह सूर्य की सीधी रेखा में थे, जिसके कारण आसमान में वो एक लाइन्स में खड़े दिखाई दे रहे हैं.

इन ग्रहों में Venus, Mars, Jupiter, Saturn, Uranus और Neptune शामिल थे. उन्हें देखने पर ऐसा लग रहा था कि मानो किसी सेना के जवान परेड के लिए खड़े हो. इस कारण ग्रहों की इस अद्भूत एस्ट्रोनोमिकल प्लेसमेंट को लोग प्लेनेटरी परेड कहते हैं.28 फरवरी 2025 को इस परेड का और भी अद्भूत नजारा देखने को मिलने वाला है. उस दिन 6 नहीं बल्कि सौर मंडल में पृथ्वी के अलावा सभी 7 ग्रह सूर्य की सीधी रेखा में आएंगे. इसके कारण लोग खुले आसमान में देख पाएंगे. भारत में देखने का सबसे सटीक समयभारत में ग्रहों की इस अद्भूत घटना को देखने के लिए सूर्यअस्त का इंतजार करना पड़ेगा. भारत में रहने वाले लोग 28 फरवरी 2025 की शाम सूर्यस्त के 45 मिनट बाद 7 ग्रहों की इस परेड को देख पाएंगे. हालांकि, इन्हें देखने के लिए आपको किसी ऐसी जगह पर जाना होगा, जहां से खुला आसमान दिखता हो और वहां प्रदूषण बहुत कम हो. इसके अलावा आपको मौसम पर भी नज़र रखनी होगी.

अगर मौसम खराब रहेगा तो आप बादलों की वजह से आप ग्रहों को नहीं देख पाएंगे. आपको किसी ऐसे क्षेत्र में जाना होगा, जहां शहरों की लाइट्स एकदम कम या ना ही हो. आप जितनी अंधेरी जगह, जितनी प्रदूषण मुक्त जगह और साफ मौसम में आसमान को देखेंगे, ये ग्रह आपको उतनी ही साफ तरीके से नज़र आएंगे.ग्रहों को कैसे देखें (How to Watch Planetary Parade 2025)खुले और साफ आसमान दिखने वाली लोकेशन पर जाने के बाद आप चाहे तो खुद भी नग्न आंखों से ऊपर की ओर देख सकते हैं. इन्हें देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर Rtar Walk 2, Stellarium AüS Sky Gazer जैसे बहुत सारे ऐप्स भी मौजूद हैं, जिनकी मदद से भी आप इस अद्भूत घटना को देख सकते हैं.

इन्हें इस्तेमाल करने के लिए आपको खुले आसमान में जाना होगा.उसके बाद अपने फोन में इन ऐप्स को खोलना होगा.ऐप खोलने के बाद आपको फोन आसमान की ओर घुमाना होगा.अब आपको आसमान में दिखने वाले हरेक तारों की डिटेल फोन में मौजूद उस ऐप में देखने को मिलेगी.आपको फोन में ध्यान से देखना होगा कि किस तारे का क्या नाम है.आप धीरे–धीरे अपने फोन को एक दिशा से दूसरी दिशा की ओर घुमाएंगे तो आपको सौरमंडल के सभी ग्रह देखने को मिलेंगे.फोन में ग्रहों का नाम देखने के बाद धीरे–धीरे फोन हटाकर, आसमान में ठीक उसी जगह पर उसी तारे को देखें जोकि एक ग्रह होगा.

आपको बता दें कि भारत में पिछले करीब डेढ़ महीने से चल रहा महाकुंभ (टँ ङ्धुँ 2025) भी खत्म होने वाला है. ऐसे में ग्रहों की इस अद्भूत घटना से कुछ लोगों की धार्मिक आस्था भी जुड़ी हुई है. हालांकि आपको बता दें कि 7 ग्रहों में से कुछ ग्रहों को नग्न आंखों से देखना शायद संभव नहीं होगा, क्योंकि वो पृथ्वी से काफी दूर है. इस कारण उन्हें देखने के लिए आपको टेलीस्कोप का इस्तेमाल करना पड़ सकता है.

## विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने इस्लामपुरवासियों को दिया रमजान का तोहफा,नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** रमजान महीना का चाँद दिखने के साथ ही विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य ने जिला परिषद, हजारीबाग से नव निर्मित 1 किलोमीटर सड़क का विधिवत उद्घाटन करके इस्लामपुर के लोगों को रमजान का तोहफा दिया।

यह सड़क इस्लामपुर की लाईफ लाइन है। बारिश के दिनों में कच्ची सड़क में बड़े– बड़े गड्ढे और कीचड़ हो जाना आम बात थी, जिससे लोगों को आने– जाने में काफी परेशानी होती थी । चार पहिया तो दूर दोपहिया वाहनों का आवागमन भी बाधित हो जाता था। लोगों को बगोदर बाजार जाने के लिए 7 कि०मी० की दूरी तय करना होता था। इस समस्या को गाँव वालों ने तैयब के समक्ष रखा जिस पर जिप सदस्य ने तुरंत इस काम को जिला परिषद से स्वीकृत करवाया । वहीं इस सड़क के बन जाने से बगोदर बाजार की दूरी मात्र 2 कि० मी० तो वहीं . ळ. रोड़ की दूरी मात्र 1 कि० मी० रह गई। रमजान का चाँद नजर आने के साथ ही इस रोड़ पर आवागमन भी चालू हो गया।

उन्होंने कहा कि जनहित के ज्यादा से ज्यादा काम करना और करवाना हमारी प्राथमिकता है। गाँव के लोगों ने इस कार्य के लिए शेख तैयब को शुक्रिया कहा ।साथ ही साथ तैयब ने भी लोगों को रमजान का मुबारकबाद भी दिया ।इस मौके पर इस्लामपुर जमा मस्जिद अन्जुमन के सदर अब्दुल कलाम, मो० शमीम, डॉ० जाकिर, सरफुद्दीन अंसारी, मनीर अंसारी, तमीम अंसारी, शमशेर अंसारी, आलम अंसारी, अनीश अंसारी, अजीज अंसारी, इस्लाम अंसारी, मंसूर अन्सारी, अतीक अन्सारी, शाहिद अंसारी वगैरह मौजूद थे।

## फर्जीवाड़ा कर सरकारी राशि गवन करने वाले रोजगार सेवक राकेश रंजन पर प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र के आवाज

**अमित कुमार, व्यूरो चीफ**
**चतरा(झारखंड)।** जिला प्रशासन कार्य के प्रति अनियमितता बरतने वाले व लापरवाह अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध सख्त दिख रहा है। हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र का एक मामला प्रकाश में आया है कि हंटरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कोबना के रोजगार सेवक राकेश रंजन के द्वारा मनरेगा के कार्य में भारी अनियमितता व लापरवाही बरती जा रही है।

**मुखिया और ग्रामीणों से प्राप्त हुई थी शिकायत :** ग्राम पंचायत कोबना के मुखिया एवं ग्रामीणों द्वारा 15 फरवरी 2025 को मौखिक एवं लिखित रूप से बताया गया कि ग्राम रोजगार सेवक पंचायत में उपस्थित नहीं रहते हैं एवं अपने मनमौजी तथा लापरवाही से काम करते हैं जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि इनके द्वारा गलत मंशा से जानबुझकर योजनाओं में अनियिमितता बरती जा रही है। इनके द्वारा योजनाओं में फर्जी तरीके से लेवर डिमांड एवं मजदूरी की उपस्थिति भी दी।



● हंटरगंज बीडीओ ने जांच प्रतिवेदन के साथ कार्यमुक्ति का किया अनुशंसा

## झारखंड से अमेरिकी हथियार एम 16 बरामद हुआ है. ये हथियार इनामी नक्सली कमांडर के पास से पाया गया

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति के पास अमेरिकी सरकार का एम 16 हथियार मौजूद था. दरअसल चतरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टीएसपीसी के सेकंड इन कमान 18 लाख के इनामी नक्सली आक्रमण गंझू को गिरफ्तार किया है. आक्रमण गंझू के साथ उसकी पत्नी और दो अन्य लोग गिरफ्तार हुए है.

नक्सली आक्रमण गंझू की निशानदेही पर चतरा पुलिस ने एम 16 समेत कई ऑटोमेटिक हथियार और गोलियां बरामद की है. पुलिस एम–16 हथियार को बरामद किया, जिसपर प्रॉपर्टी ऑफ यूएस गवर्मेंट लिखा हुआ है. चतरा के एसपी विकास पांडेय ने बताया कि हथियार पर प्रॉपर्टी ऑफ यूएस गवर्मेंट लिखा हुआ है. यह हथियार आक्रमण गंझू के पास कहां से आया इसकी जांच की जा रही है. आक्रमण गंझू को रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी.




**1957 में बनी थी एम 16, अमेरिकी सेना का था मुख्य हथियार :** एम 16 अमेरिकी और इजरायली हथियार है. अमेरिका में यह 1957 में बनी थी. अमेरिकी सेना एम 16 का इस्तेमाल करती थी. एके 47 को टक्कर देने के लिए एम 16 को तैयार किया गया था. हाल की दिनों में झारखंड पुलिस ने नक्सली संगठनों के खिलाफ कई बड़े अभियान चलाए हैं. मंगलवार को झारखंड के सारंडा कि इलाके में माओवादियों के खिलाफ अभियान में एक एम 16 को बरामद किया गया था. कुछ वर्ष पहले टीएसपीसी के टॉप कमांडर कोहराम के पास से भी एम 16 बरामद हुआ था. अब झारखंड की पुलिस ने टीएसपीसी के सेकंड इन कमांड आक्रमण के पास से एम 16 बरामद किया है.

**2015–16 में माओवादियों ने 17–17 लाख में खरीदा था एम 16:** 2015–16 में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 17–17 लाख में दो एम 16 को खरीदा था. माओवादियों के पीएलजीए के सुप्रीम कमांडर संदीप यादव ने इसे खरीदा था. हालांकि माओवादी संगठन में एम 16 के खरीद का विरोध हुआ था. 2022 में संदीप यादव की बीमारी से मौत हो गई थी. माओवादियों का प्रवक्ता अभय यादव 2016–17 में गिरफ्तार हुआ था. अभय यादव ने पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों को एम 16 की खरीद के बारे जानकारी दी थी. उस दौरान अभय यादव ने पुलिस को बताया था कि पटना के रहने वाले एक हथियार तस्कर ने एम 16 की खेप को माओवादियों तक पहुंचाया था. हथियार की डिलीवरी गया के आमस के इलाके में हुई थी

# संत निरंकारी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** संत निरंकारी मिशन के द्वारा विशाल सत्संग का आयोजन बनासो के नावाटांड़ सामुदायिक भवन में किया गया जिसका संचालन सेवा दल के संचालक महात्मा हरेंद्र सिंह जी के द्वारा किया गया, मिशन के प्रचारक बरही के महात्मा डॉ एस एन सिंह के द्वारा मिशन के मूल उद्देश्य प्रभु परमात्मा की जानकारी एवं इस जानकर इसकी भक्ति करने के बारे में बताएं उन्होंने विचार के माध्यम से यह भी बताया कि मनुष्य के जीवन का मूल कर्म प्रभु परमात्मा की जानकारी एवं इस जानकर पूजा करना है।

आज हम जात मजहब एवं धर्म के नाम पर अलग–अलग भागों में बटे हुए हैं लेकिन यह सद्गुरु हमे ब्रह्म का ज्ञान देकर सभी को आपसी भाईचारे के रास्ते पर चलना सीखा रहा है वसुधैव कुटुंबकम सारा जग एक परिवार एक परमपिता परमात्मा के संतान है हम केवल इंसान और हमारा कर्म इंसानियत वाली होना चाहिए सद्गुरु के द्वारा बताए हुए सहनशीलता नम्रता प्रेम को आपस मे बढ़ाने की बातें कहीं कार्यक्रम का शुरुआत सेवादल के भाई बहन के द्वारा प्रार्थना गीत पीटी परेड के साथ किया गया है।

इसके बाद स्थानीय महात्माओं ने अपने अपने गीत एवं विचारों के द्वारा सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया सत्संग के उपरांत लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई थी जिसे पाकर श्रद्धालु भक्ति में जीवन जीने के संकल्प के साथ अपने–अपने घरों के लिए प्रस्थान हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय महात्मा जमुना जी किशोर जी डेगलाल जी प्रदीप जी कृष्ण जी उमेश जी मुकेश जी सुरेश राम जी सुषमा जी सुशील जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## हंटरगंज : आखिर क्यो आधा अधूरा है आंगनबाड़ी भवन का निर्माण

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज(झारखंड)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड मे बहुत सारे ऐसे आंगनबाड़ी के भवन जो केवल दिवार खड़ा करके छोड़ दिया गया है।इस बाबत जब ग्रामीणों से बात की गयी तो उन्होंने बताया की ये आंगनबाड़ी के भवन सालो से ऐसे ही आधे अधूरे स्थिति मे पड़े है और आज तक कभी कोई अधिकारी द्वारा इन आधे अधूरे भवनो का निरीक्षण करने नही आये।आखिर क्यो इन आधे अधूरे पड़े भवनो का निर्माण पूर्ण नही हो पाया है।इन कार्यो से जुड़े अधिकारी भी पुरी तरह से आँखों पे पट्टी लगा के घूम रहे है इस ओर किसी का ध्यान भी नही जा रहा है। देखा जाये तो इन भवनो के जो कार्य हुए है उनमे पैसे तो जरूर लगे होंगे और अगर पूरे नही हुए है तो ये किसी काम के नही है।




**क्षेत्र मे आंगनबाड़ी की स्थिति :** क्षेत्र मे आंगनबाड़ी की स्थिति की बात की जाये तो कुछ आंगनबाड़ी का संचालन सही तरीके से नही हो रहा है। क्षेत्र मे कुछ आंगनबाड़ी की हालत इतनी बुरी है की महीनों से खुले भी नही है और कुछ आंगनबाड़िया धरातल को छोड़कर रजिस्टर मे ही सिमट के रह गयी। अब बात करते है जो आंगनबाड़ी संचालित नही हो रहे है उनपर कारवाई क्यो नही होती है क्योंकि निम्न से उच्च तक सभी जगह भ्रस्टाचार व्याप्त है तो कारवाई का सवाल ही नही उठता, होता है तो सिर्फ ले दे कर इन मामलो का निपटारा। आज तक कभी ये सुनने मे नही आता है की वैसे आंगनबाड़ी जिनके संचालन मे कोताही बरती गयी उनके संचालक को पदमुक्त किया गया।

## अवैध कोयला परिवहन पर वन विभाग की बड़ी कार्यवाही ,5 मोटरसाइकिल जब्त

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** वन विभाग ने अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए बड़ी कार्यवाही की है।डीएफओ प्रबल गर्ग के निर्देश पर मंडरो फॉसिल पार्क के निकट मुख्य मार्ग पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर 5 कोयला लदी मोटरसाइकिल जब्त की।

इस दौरान लगभग 40 क्विंटल कोयला बरामद किया गया।इस अभियान का नेतृत्व वनपाल राणा रंजीत चौधरी कर रहे थे,जिनके साथ वनरक्षी अंकित झा,सुनील कुमार,सनी रजक,अमित कुमार,प्रेम कुमार,इंद्रजीत कुमार,फैलिसिटस हांसदा समेत अन्य वनकर्मी मौजूद थे।विभाग का यह अभियान अवैध कोयला खनन और परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया।डीएफओ प्रबल गर्ग ने स्पष्ट किया कि अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध कोयला खनन और परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,क्योंकि इससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति होती है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है।वन विभाग ने यह भी संकेत दिया कि इस अवैध धंधे में शामिल पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कानूनी प्रक्रिया के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# बिना शिक्षक के चल रहा है भेलवारा हाई स्कूल

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा हाई स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को परेशानी हो रही है. इस वजह से बच्चे खुद से पढ़ाई करते है. शिक्षा विभाग का स्लोगन सब पढ़े सब बढ़े भले ही सुनने में अच्छा लगे, लेकिन यह स्लोगन जिले में मजाक बन कर रह गया है. हजारीबाग विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा हाई स्कूल में नामांकित 100 से अधिक बच्चों की शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है. इस हाई स्कूल में एक भी शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गई है. ऐसे में यहां के बच्चों के मन में यह सवाल उठना जायज है कि आखिर सब पढ़े और सब बढ़े का नारा किसके लिए है.



दरअसल, प्रखंड मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भेलवारा स्कूल को लगभग 1 साल पहले अपग्रेडेड कर शिक्षा विभाग द्वारा हाई स्कूल कर दिया गया. 1 साल बीत जाने के बाद भी इस स्कूल में हाई स्कूल के एक भी शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गई है. जबकि इस हाई स्कूल में नामांकित बच्चों की संख्या 100 से अधिक है. ऐसे में बच्चों की पढ़ाई कैसे हो रही होगी, स्कूल में खुद पढ़ते हैं बच्चे

● यहां खुद बच्चे 'टीचर' बन, करते हैं पढ़ाई

बच्चे घर से रोज स्कूल इस उम्मीद से आते हैं कि स्कूल में कुछ पढ़ाई कर पाएंगे, लेकिन शिक्षकों की कमी में उन्हें अपनी पढ़ाई खुद करनी पड़ती है. सबसे अधिक परेशानी नवमी क्लास के छात्रों को होती है. बिना शिक्षक के बोर्ड की परीक्षा की तैयारी करना उनके लिए परेशानी का सबब बना रहता है.छात्रों की पढ़ाई होती हैं बाधित।

स्कूल का छात्र कीर्तक कुमार ने कहा कि वो लोग खुद पढ़ाई कर परीक्षा के तैयारी करते हैं. शिक्षक की कमी के कारण उन्हें काफी परेशानी होती है. वहीं, छात्रा बेबी कुमारी ने कहा कि स्कूल में शिक्षक नहीं रहने के कारण उन लोगों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो गई है. छात्रा सरिता कुमारी ने बताया कि वो लोग गांव में रहते हैं. इस कारण यहां कोचिंग की भी कोई व्यवस्था नहीं है. गांव से शहर जा कर कोचिंग करना उनके लिए संभव नहीं है. ऐसे में उनकी पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो गई है.

इस बारे में भेलवारा मध्य विद्यालय स्कूल के प्रधानाध्यापिका भगवती कुमारी ने कहा कि हाई स्कूल में शिक्षक नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित है. प्राथमिक स्कूल के शिक्षक ही जितना हो सकता है, बच्चों को पढ़ा देते हैं. हाई स्कूल के शिक्षकों के लिए विभाग को कई बार पत्राचार भी किया गया है. वहीं, इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द इसका समाधान निकाला जाए अगल–बगल के उच्च योग्यता धारी शिक्षकों को वहां भेज कर बच्चों को शैक्षणिक नुकसान से बचाया जाए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हंसडीहा थाना क्षेत्र में किन्नरों के साथ अश्लील हरकत व गाली गलौज, मामला पहुंचा थाना




लोक तंत्र कीआवाज

हंसडीहा(दुमका)। हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट बाजार से किन्नरों के साथ अश्लील हरकत एवं गाली गलौज कर मारपीट का घटना सामने आया है। जिसको लेकर जरमुंडी थाना क्षेत्र के बासुकीनाथ के रहने वाली किन्नर समाज के माही किन्नर ने हंसडीहा थाना में लिखित आवेदन दिया है। थाना में दिए आवेदन में पुलिस को बताया है कि हमलोग सभी अपने ग्रुप के साथ बख्शीस मांगने नोनीहाट गई थी तो वहां के दवा व्यवसायी सुभाष मेडिकल का मालिक सुभाष मारवाड़ी पंकज मारवाड़ी और मेडिकल के स्टाफ मिलकर हमारे किन्नर के साथ अभद्र व्यवहार गाली गलौज और अश्लील हरकत किया और जान से मारने का धमकी भी दिया और कहा की तुम सभी को यहां बख्शीश मांगने नहीं दूंगा और बधाई भी मांगने नहीं दूंगा और बाहर से किन्नर बुलाकर यहां बख्शीश मंगवाएंगे । कहा कि वे लोग जो भी कामाएगी उसमें हम आधा हिस्सा लेंगे अगर तुम सब को यहां मांगना है तो सभी को कमाई का आधा हिस्सा मुझे देना होगा वरना यहां कमाने नहीं देंगे। वही मामले को लेकर हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ति के द्वारा आवेदन दिया गया है पुलिस मामले को लेकर आवश्यक जांच पड़ताल कर रही है।

### दिल्ली से चुराई गई मोबाइल को कल्याणपुर पुलिस व दिल्ली पुलिस के सहयोग से बरामद की गई है

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के केशोपट्टी गांव से एक दिल्ली से चुराई गई मोबाइल को कल्याणपुर पुलिस व दिल्ली पुलिस के सहयोग से बरामद की गई है। इस संबंध में कल्याणपुर पुलिस के थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि दिल्ली के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से जनवरी माह में मोबाइल चोरी हुई थी। दिल्ली पुलिस को पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर पता चला कि बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना अंतर्गत केशोपट्टी के आनंदी सहनी के पुत्र राजेश कुमार के यहां से मोबाइल बरामद पुलिस ने किया। राजेश कुमार को गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सुपुर्द किया।

### निधन पर शोक व्यक्त किया

लोकतंत्र की आवाज

दलसिंहसराय। खाद्यान्न व्यवसायी संघ के कार्यालय में संघ के पूर्व संरक्षक हरिश्चंद्र पोद्दार एवं युवा व्यवसायी कमल किशोर चौधरी की आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी व्यवसायी नें फूलमाला चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। और उनके आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख भगवान से प्रार्थना की। जिसमें बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार सुरेखा, दलसिंहसराय खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष सुनील शाह एवं अवधेश शाह, रामविलास शाह, मनोज शाह, सुधीर साह,राकेश साह,संजय राजक,सुरेन्द्र साह,सुशील चमरिया,विश्वनाथ साह,आँचल आनंद,अभिषेक कुमार पिंटू,एवं सैकड़ो व्यवसायी मौजूद थे।

### सशस्त्र सीमा बल द्वारा कैंसर जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन, 47 संदीक्षा सदस्यों को जागरूक किया गया

लोक तंत्र कीआवाज

अररिया। महेंद्र प्रताप, कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अररिया के निर्देशन में संदीक्षा सदस्यों के लिए जिला अस्पताल अररिया और टाटा मैमोरियल कैंसर सेंटर के सहयोग से स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर और मुख (ओरल) कैंसर की जागरूकता और जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वाहिनी के 47 संदीक्षा सदस्यों को कैंसरों के लक्षण, रोकथाम, प्रारंभिक पहचान, उपचार और नियमित जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। शिविर के दौरान, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग भी की गई। इसके अतिरिक्त, 21/02/2025 को ओरल कैंसर और मौखिक स्वच्छता (ओरल हाइजीन) पर जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें वाहिनी के 57 बल कार्मिकों को मुख कैंसर के लक्षण, इसके प्रमुख कारण (तंबाकू और गुटखे का सेवन), बचाव के उपाय और उचित मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. मनोज जाट, सहायक कमान्डेंट (चिकित्सा), डॉ. शाइना, जिला अस्पताल अररिया और अन्य बल कार्मिक भी मौजूद थे।

# खून से लतपथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस के पास खेत में पड़ा मिला युवक

## युवक के गर्दन और हाथों पर धारदार हथियार से किया वार

लोक तंत्र की आवाज

**जालौन उरई ।** जालौन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सहाब गांव में एक युवक को अज्ञात लोगों द्वारा धार दार हथियार से वार कर घायल कर मरणासन्न हालत में बुंदेलखंड एक्सप्रेस के पास खेत पर पड़ा छोड़ दिया जहां घायल गंभीर हालत मे पडा था । जिसे राहगीरों द्वारा घायल अवस्था में पडा देख गांव में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना राहगीरों द्वारा पुलिस व ग्रामीणों व परिजनो को दी गई । जिसमे ग्रामीणों द्वारा घायल की पहचान सुनील कुमार दोहरे के रूप में हुई है। सुनील कुमार दोहरे पुत्र शिव लाल दोहरे निवासी ग्राम सहाब अपने गांव से जालौन जा रहा था। तभी रास्ते में किसानों को वह खेत में खून से लथपथ मिला। उसके गर्दन और हाथों पर धारदार हथियार से हमला करने के निशान पाए गए । किसानों ने घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही जालौन कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल की और घटना की सूचना उच्य अधिकारियो को दी सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेन्द्र बाजपेई और फ़ौरिश टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल मे जुट गई वही



**युवक खून से लथपथ हालत में बुंदेलखंड एक्सप्रेस के पास खेत पर घायल अवस्था में गंभीर हालत में पड़ा मिला जिसे उपचार हेतु किसानों ने सीएससी जालौन भेजा डॉक्टरो ने हालत गम्भीर होने पर उरई रेफर किया**

पुलिस ने किसानों के सहयोग से घायल सुनील दोहरे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया।और घटना की जानकारी मिलते ही सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई व फ़ौरस टीम ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी की । और फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि घायल से पूछताछ में घायल युवक ने बताया कि



उसकी पत्नी कई महीनों से अपने मायके में रह रही है। और सुनील ने बताया कि यह घटना मेरी पत्नी और सालों ने मिलकर गांव के ही अनुभव दोहरे से धार दार हथियार से प्रहार किया क्योंकि अनुभव दोहरे मेरे पैसे लिए था जब मैने पैसे मांगे तो पैसे नहीं दे रहा और मेरी पत्नी व सालों से मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक किन परिस्थितियों में घायल हुआ। फिलहाल उसका इलाज उरई में चल रहा है। वहीं सी ओ जालौन ने मीडिया को जानकारी देकर बताया कि सुनील दोहरे की पत्नी कई महीनों से अपने मायके में रह रही है पत्नी और सालों ने गांव के अनुभव दोहरे नामक व्यक्ति के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया

# सीएम योगी की लगातार ललकारने के बाबजूद सरकारी अस्पताल में डॉक्टर ही बेच रहा है बाहर की दवाएं



लोक तंत्र की आवाज

**माधौगढ़(जालौन)।** सरकार के लाख प्रयास की बावजूद चिकित्सा विभाग पर अधिकारियों का कोई नियंत्रण न हो पाने के कारण चिकित्सक मनमर्जी के मालिक होकर मरीज से पैसा ऐंठने के लिए गैर जरूरी जांच एवं लोकल दावों को बेचकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

उक्त आशय का एक मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ पर जमकर वायरल हो रहा है जहां चिकित्सक द्वारा मरीज के लिए बाहर की दवा का पर्चा लिखना एवं तीमारदार द्वारा बाहर के मेडिकल स्टोर से दवा लाकर डॉक्टर को दिखाने पर डॉक्टर द्वारा उसे लोकल बताने एवं पैसा लेकर अपनी अलमारी से दवा निकाल कर देने एवं मरीज को उस दवा से कोई लाभ न मिलने पर विवाद किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त विवरण के अनुसार बुधवार को सुबह प्रातः 7:00 बजे माधौगढ़ निवासी एक महिला मरीज (विनीता तोमर) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ पर अपने परिजन के साथ आई तब ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर हरिश्चंद्र ने उसे पर्चा लेकर मेडिकल स्टोर से दवा लाने को कहा, तीमारदार द्वारा मेडिकल स्टोर से दवा लाकर डॉक्टर हरिश्चंद्र को दिखाई गई तो उन्होंने उसे लोकल बढ़कर वापस कर आने एवं पैसा लेकर अपने पास से दवा देने को कहा मरीज की स्वीकृति मिलने पर डॉक्टर ने रुपया लेकर अपनी अलमारी से दवा निकालकर मरीज को दे दी जिस दवा से कोई लाभ न मिलने पर महिला मरीज व उनके पुत्र शनि तोमर एवं डॉक्टर के बीच जमकर नोक झोंक हुई ।आश्चर्यजनक यह है कि क्या सरकारी अस्पतालों में ऐसी कोई दवा नहीं है जो मरीज को ठीक कर सके अथवा डॉक्टर को अपनी सरकारी दवाओं पर विश्वास नहीं है ? एक विषय यह भी है कि इन सरकारी चिकित्सकों की अलमारी में विक्रय किए जाने के लिए दवा उपलब्ध क्यों रहती है । हालांकि इस विषय पर किसी विभागीय उच्चाधिकारी से वर्जन नहीं लिया गया है क्योंकि वहां भी वही रटा रटाया जवाब मिलने की संभावना है की शिकायत मिलने पर जांच करवा कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ने उरई शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था सुद्रण बनाने हेतू पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकाला



लोक तंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर अर्चना सिंह एवं कोतवाली उरई पुलिस बल के साथ शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु नगर उरई में भीड़भाड़, संवेदनशील स्थानों, बाजार, आदि जगहों पर फ्लैग मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आमजनमानस में कराया सुरक्षा का एहसास।

## गिरिडीह के पारसनाथ पहाड़ पर स्थित ढिशोम मांझी थान में बुरु बाहा पर्व

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** झारखंड के संथाल समुदाय का एक प्रमुख बाहा पर्व है इस प्रकृति पूजा का पर्व भी कहा जाता है झारखंड सरकार के द्वारा बाहा पर्व को राजकीय महोत्सव घोषित करने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर है।

पीरटांड प्रखण्ड में पारसनाथ पहाड़ पर स्थित दिशोम मांझीथान में चार दिवसीय मरांग बुरू बाहा पर्व 2025 के आयोजन के दूसरे दिन में झारखण्ड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के माननीय मंत्री श्री सुदिव्य कुमार एवं उपायुक्त गिरिडीह श्री नमन प्रियेश लकड़ा के पूजा स्थल एवं कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए एवं कार्यक्रम का जायजा लिया।



राज्य सरकार के द्वारा बाहा पर्व को राजकीय महोत्सव घोषित करने हेतु जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई किया जा रहा है। इसके आलोक में पहली बार पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु बजट का आवंटन किया है, जिसके तहत कुल रू. 12,33,100/रू. की राजकीय सहायता प्रदान की गई है।

माननीय मंत्री महोदय के द्वारा बताया गया कि धार्मिक आस्था को पूरा करने एवं पर्व मनाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा आगे और भी वित्तीय एवं प्रशासनिक सहायता प्रदान किया जाएगा ताकि इस क्षेत्र में पर्व को मनाए के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार हो सके और इस पर्व को और पहचान मिल सके। माननीय मंत्री महोदय के द्वारा इस पर्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धार्मिक अनुष्ठान को स्थानीय परंपरा एवं पूर्ण श्रद्धा के साथ बेहतर ढंग से करने हेतु निदेश दिया गया।

उपायुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम को और बेहतर बनाने एवं राज्य स्तर पर ख्याति प्रदान करने हेतु, कार्यक्रम समाप्ति के बाद समीक्षा की जाएगी एवं कार्ययोजना तैयार किया जाएगा ताकि आगामी वर्षों में इसको और बेहतर बनाया जा सके।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी डुमरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पीरटांड़, अंचल अधिकारी, पीरटांड, मरांग बुरू संस्थान के सभी पदाधिकारीगण एवं काफी संख्या में आदिवासी संथाल धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

# रमजान के पहले दिन रानीश्वर बाजार व साप्ताहिक हाट में दिखा साम्प्रदायिक सौहार्द और रूहानी माहौल का नजारा

लोक तंत्र कीआवाज

**रानीश्वर(दुमका)।** रानीश्वर हटिया में रमजान के पहले दिन का खास नजारा देखने लायक था। सुबह से ही बाजारों में चहल–पहल दिखी, रोजेदारों ने इफ्तार और सहरी की तैयारियों में खूब जोश दिखाया। मौके पर सब्जी, फल, खजूर और अन्य जरूरी सामान की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष रूप से खजूर, फल, और शरबत की दुकानों पर लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करते नजर आए।

**इबादत और रोजे की शुरुआत :** पहले दिन लोगों ने खास उत्साह के साथ रोजा रखा। सुबह सहरी के बाद मस्जिदों में फजर की नमाज के लिए भीड़ उमड़ी। दिनभर रोजेदारों ने इबादत



और नेक कामों में समय बिताया। शाम होते ही रानीश्वर हटिया में इफ्तार की तैयारियाँ जोरों पर थीं। घरों और मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने खजूर, फल, शरबत और पकवानों के साथ रोजा खोला।

**सांप्रदायिक सौहार्द का नजारा :** रानीश्वर में रमजान सिर्फ मुस्लिम समाज के लिए ही नहीं, बल्कि सभी समुदायों के लिए भाईचारे का संदेश लेकर आया। स्थानीय लोगों ने एक–दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द को मजबूत किया।

- **लोगों ने खास उत्साह के साथ रखा रोजा, सहरी के बाद मस्जिदों में फजर की नमाज के लिए उमड़ी भीड़**

**रमजान की रूहानी शुरुआत :** रमजान के पहले दिन का जोश और श्रद्धा देखकर यह साफ है कि पूरे महीने भर यह उत्साह बना रहेगा। लोग इबादत, रोजा और सद्कात (दान) के जरिए इस पाक महीने की बरकतें हासिल करने की कोशिश करेंगे। रानीश्वर में रमजान का पहला दिन रौनक और श्रद्धा से भरा रहा। पूरे महीने इस पाक माह की खुशबू और बरकतें लोगों के जीवन में अमन और शांति लाने का संदेश देती रहेंगी।

# यूपी पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर में बड़ा घोटाला, सही सामानों को बेचा जा रहा

लोक तंत्र की आवाज

**उरई(जालौन)।** जनपद जालौन के विकास खण्ड डकोर क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत बंधौली में बन रहे ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर का है। जिसका निर्माण कार्य 89.4 करोड़ की लागत से चल रहा है। सूत्रों की अगर मानें तो यह पावर प्लांट लाईंस इन्फ्रा कंपनी के द्वारा बनाया जा रहा है। जिसमें कार्यरत वर्करों ने बताया कि यहां प्लांट से रात में सरिया, सीमेंट, डीजल व अन्य समान चोरी से बेचा जाता है तथा पावर प्लांट निर्माण में कम सीमेंट और सरिया का इस्तेमाल हो रहा है मौरंग( बालू) घटिया निर्माण सामग्री लगाई जा रही हैं सही बालू का इस्तेमाल नहीं हो रहा है मजदूर बिना सेफ्टी के कार्य कर रहे है



लाईंस इन्फ्रा कंपनी की भारी लापरवाही से काम हो रहा है।

ठेकेदारों की मिली भगत से सब लीपा पोती हो रही है तो वहीं दूसरी ओर बिजली के खंभे लग रहे है उसमें भी मजदूरों की सेफ्टी का कोई इंतजाम नहीं है। जिनके पास जूते नहीं और खंभे लगाते वक्त सेफ्टी का भी कोई भरोसा नहीं दिया जा रहा है।अगर किसानों से बात मानें तो उन्होंने ने बताया कि हमारी फसल की उचित कीमत नहीं मिल रही है जिसमें ट्रैक्टर से रास्ता बनाया जा रहा है न ही इंजीनियर ये बता रहे है कि किस सर्किल रेट से खंभे वाली जमीन का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने ने यह भी बताया कि सेफ्टी और कई गड़बड़ियों की जानकारी देने को अजय पवार को कई बार कॉल किया गया उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया

- **घटिया सामाग्री से हो रहा है निर्माण, बार बार शिकायत के बाबजूद नही है कोई सुनने वाला**

ग्राम पंचायत बंधौली में बिजली के पोल के बारे में किसानों को पूरी जानकारी दिए बिना सब काम चल रहा है। कुछ मजदूरों से पूछा गया तो उन्होंने कहा साहब आप खबर मत चलाना नहीं तो हमें नौकरी से निकाल दिया जाएगा हम जैसे काम कर रहे कर लेंगे।बेचारे किसान अपने जीवन को गुजारा करने के लिए जैसा काम मिल रहा कर रहे। मगर करोड़ों कमाने वाले ठेकदार कब तक मजदूरों और किसानों के साथ धोखाधड़ी करते रहेंगे।

# छातापुर सीट पर वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने ठोका दावा

## विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा होंगे महागठबंधन के उम्मीदवार!

लोकतंत्र की आवाज

**छातापुर ।** पनोरमा पब्लिक स्कूल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने स्पष्ट रुप से दावा ठोकते हुए कहा कि छातापुर विधानसभा सीट पर सजीव मिश्रा के नेतृत्व में विकासशील इंसान पार्टी की तैयारी जबर्दस्त चल रही है और इसकी जानकारी महागठबंधन के महत्वपूर्ण घटक दल को भी है। इस बार महागठबंधन सभी 243 सीटो पर मज़बूती से तैयारी कर रहा है।

छातापुर में वीआईपी की तैयारी सबसे मज़बूत है। महागठबंधन में टिकट वितरण पार्टी और उम्मीदवार की तैयारी को देखते हुए किया जाएगा. समाजसेवी और वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा की उपस्थिति में



श्री सहनी ने साफ तौर पर कहा कि इस बार हमारी पुरजोर तैयारी देखकर मौजूदा क्षेत्र के मंत्री की हालत खस्ता है। आगामी विधानसभा चुनाव में एन डी ए का सफ़ाया हो जाएगा. मुकेश सहनी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत को राजनीति में आने का स्वागत किया. मालूम हो कि आज ही छातापुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन भी आयोजित की गयी थी। इस मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सहनी मौजूद रहे।

बता दें कि पैनोरमा पब्लिक स्कूल के पांचवां स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम के वीआईपी सुप्रीमों मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। अल्ताफ राजा एवं अक्षरा सिंह की सुन्दर प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

# टीचर्स ऑफ बिहार और एससीईआरटी के बीच ऐतिहासिक समझौता

लोक तंत्र कीआवाज

**पटना।** बिहार के शिक्षा जगत में नवाचार और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार और टीचर्स ऑफ बिहार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद,बिहार के वेब पोर्टल के निःशुल्क वेब डेवलपमेंट के लिए किया गया है, जिसे टीचर्स ऑफ बिहार की टेक्निकल टीम द्वारा तैयार किया जाएगा। यह पोर्टल राज्य के शिक्षकों के नवाचार, डिजिटल सामग्री और शैक्षणिक संसाधनों को साझा करने के लिए एक समर्पित मंच होगा, जो शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में राज्य



शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद,बिहार के निदेशक श्री सज्जन आर.(भा.प्र.से.), संयुक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती सुषमा कुमारी और टीचर्स ऑफ बिहार के संस्थापक शिव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

- **शिक्षकों के नवाचार और डिजिटल शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान**

टीचर्स ऑफ बिहार शिक्षकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रमुख स्वैच्छिक प्लेटफ़ॉर्म है, जो शिक्षकों के नेतृत्व में शिक्षा में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सतत प्रयासरत है।

यह साझेदारी शिक्षक से मार्गदर्शक बनने की यात्रा में एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस पोर्टल का संपूर्ण तकनीकी विकास टीचर्स ऑफ बिहार के टेक्निकल टीम लीडर इंजीनियर शिवेंद्र प्रकाश सुमन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस अवसर पर शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने कहा कि ₹शिक्षकों के नवाचारों और डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग हमारी प्राथमिकता है। यह पोर्टल बिहार के शिक्षकों के डिजिटल परिवर्तन में मील का पत्थर साबित होगा।

टीचर्स ऑफ बिहार के संस्थापक शिव कुमार ने कहा कि ₹शिक्षकों के नवाचार और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना हमारा मुख्य उद्देश्य है। टीचर्स ऑफ़ बिहार विगत छह वर्षों से राज्य के लिए निःशुल्क कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उक्त जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता अररिया जिले के शिक्षक रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक पूर्वी चंपारण जिले के शिक्षक मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि एससीईआरटी एवं टीचर्स ऑफ बिहार के बीच हुए इस ऐतिहासिक समझौते के साथ अब शिक्षकों के नवाचार और डिजिटल शिक्षा को एक नई उड़ान मिलेगी।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।